RNI NO. PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 03 | ISSUE 349 | TUESDAY DATE 06-01-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

**गुस्ताखी माफ**

सीजन के दिन चल रहे, हम चोरों के यार।
ठंड-धुंध में हाथ हम, चोखा लेते मार।
चोखा लेते मार, रुकावट इक ना होती।
घर में सोते लोग, पुलिस थानों में सोती।
कह साहिल कविराय, फायदेमंद डिसीजन।
जब भी छाती धुंध, हमारा चमके सीजन।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

## संक्षिप्त खबरें

### मुंबई के टाटा मेमोरियल अस्पताल को बम से उड़ाने की धमकी, सुरक्षा एजेंसियां सतर्क

**मुंबई , यूटर्न/ 05 जनवरी ।** मुंबई स्थित टाटा मेमोरियल अस्पताल को सोमवार को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। अस्पताल प्रशासन को एक धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ, जिसमें अस्पताल परिसर में बम रखे होने का दावा किया गया था। सूचना मिलते ही प्रशासन ने तुरंत मुंबई पुलिस को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर आ गईं। रिपोर्ट के अनुसार, धमकी की सूचना मिलते ही पुलिस की कई टीमें, बम निरोधक दस्ता (बम स्क्वॉड) और अन्य सुरक्षा इकाइयां अस्पताल परिसर में पहुंचीं। इसके बाद पूरे अस्पताल में सघन सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। बम स्क्वॉड द्वारा हर कोने की बारीकी से जांच की जा रही है ताकि किसी भी संभावित खतरे को समय रहते टाला जा सके। पुलिस ने बताया कि फिलहाल किसी भी संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन एहतियात के तौर पर सभी सुरक्षा मानकों का पालन किया गया है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि धमकी भरा ईमेल किसने भेजा, उसका उद्देश्य क्या था और यह किसी शरारत का मामला है या किसी बड़ी साजिश का हिस्सा। इस दिशा में मुंबई पुलिस की साइबर सेल ईमेल की तकनीकी जांच कर रही है।

### मेरठ में भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक संगीत सोम को बम से उड़ाने की धमकी

**मेरठ, यूटर्न/ 05 जनवरी ।** उत्तरप्रदेश के मेरठ में भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक संगीत सोम को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मचा हुआ है। यह धमकी उनके सरकारी मोबाइल नंबर पर एक संदेश के द्वारा भेजी गई है। बताया जा रहा है कि यह संदेश बंगला भाषा में था और सोमवार सुबह करीब 8 बजे उनके मोबाइल पर आया। संदेश में न केवल संगीत सोम को जान से मारने की धमकी दी गई, बल्कि एक भारतीय न्यूज चैनल को भी उड़ाने की बात लिखी गई थी। दोनों धमकियां एक ही मोबाइल नंबर से भेजी गई हैं। धमकी मिलने के बाद संगीत सोम ने मामले की गंभीरता को देखकर तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

## तटरक्षक बल के बेड़े में शामिल हुआ सबसे बड़ा स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण पोत समुद्र प्रताप

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जनवरी ।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को तटरक्षक बल के बेड़े में स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण पोत समुद्र प्रताप को शामिल किया। समुद्र प्रताप को विशेष रूप से प्रदूषण कंट्रोल के लिए डिजाइन किया गया है, लेकिन इसकी भूमिका यहीं तक सीमित नहीं है। यह सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन में भी उतना ही सक्षम है, तटीय गश्त में भी उतना ही प्रभावी है, और समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने में भी उतना ही महत्वपूर्ण है।



इसका अर्थ यह है, कि इस शिप में एक ही प्लेटफार्म पर कई क्षमताओं को इंटीग्रेट किया गया है। रक्षामंत्री के मुताबिक यही आधुनिक अप्रोच आज की समुद्री चुनौतियों की मांग है, जहां लचीलापन और तैयारी दोनों एक समान महत्वपूर्ण हैं। ह्यसमुद्र प्रतापह्न का निर्माण गोवा शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा किया गया है। प्रदूषण नियंत्रण पोत ह्यसमुद्र प्रतापह्न 114.5 मीटर लंबा और लगभग 4,200 टन वजनी है। यह शक्तिशाली पोत 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी तकनीक से बनाया गया है। समुद्र प्रताप की गति 22 नॉट से अधिक है। ये क्षमताएं इसे लंबी दूरी के परिचालन के लिए बेहद सक्षम बनाती हैं। रक्षामंत्री ने कहा, इस शिप की एक और खास बात है कि इसमें 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग हुआ है। यह अपने आप में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बढ़ता हुआ एक मजबूत कदम है। हमारी मेक इन इंडिया पहल का असली अर्थ ऐसे ही प्रोजेक्ट में दिखाई देता है।

## जवाहरलाल नेहरू सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के पक्ष में नहीं थे : मोदी

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जनवरी ।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को एक पुराने प्रसंग को याद किया। उन्होंने बताया कि देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के पक्ष में नहीं थे। उनका मानना था कि सरकार और बड़े संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों को इस काम से नहीं जुड़ना चाहिए।

अपने ब्लॉग में प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा कि स्वतंत्रता के बाद सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण की जिम्मेदारी सरदार वल्लभभाई पटेल पर आई। यह वही मंदिर है, जिस पर साल 1026 में आक्रमण हुआ था। उन्होंने बताया कि दीपावली 1947 में सरदार पटेल जब सोमनाथ पहुंचे, तो वहां की स्थिति देखकर वे बहुत भावुक हो गए। इसी यात्रा के बाद उसी स्थान पर मंदिर को दोबारा बनाने का फैसला हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा कि 11 मई 1951 को सोमनाथ मंदिर भक्तों के लिए खोला गया। उस समय देश के राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद इस ऐतिहासिक अवसर पर मौजूद थे। प्रधानमंत्री मोदी के अनुसार, पंडित जवाहरलाल नेहरू चाहते थे कि सरकार आधिकारिक रूप से इस मंदिर के पुनर्निर्माण से न जुड़े। वे राष्ट्रपति और मंत्रियों की मौजूदगी के भी पक्ष में नहीं थे। नेहरू का मानना था कि इससे भारत की छवि पर गलत असर पड़ेगा। हालांकि, राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद अपने फैसले पर अडिग रहे और समारोह में शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा कि दुर्भाग्य से सरदार पटेल इस ऐतिहासिक दिन को देखने के लिए जीवित नहीं थे, लेकिन उनका सपना देश के सामने साकार होकर खड़ा था। उन्होंने लिखा, तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू इस घटना से अधिक उत्साहित नहीं थे। वे नहीं चाहते थे कि माननीय राष्ट्रपति और मंत्री इस समारोह का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि इस घटना से भारत की छवि खराब होगी। लेकिन राजेंद्र बाबू अडिग रहे, और फिर जो हुआ, उसने एक नया इतिहास रच दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सोमनाथ मंदिर की बात के.एम. मुंशी का जिक्र किए बिना अधूरी है। उन्होंने सरदार पटेल का पूरा साथ दिया। मुंशी की किताब सोमनाथ, द श्राइन इटरनल को प्रधानमंत्री ने बेहद ज्ञानवर्धक बताया और कहा कि इसका नाम ही भारत की सभ्यतागत सोच को दर्शाता है, जिसमें आत्मा और विचारों की अमरता पर विश्वास किया जाता है।

## रोहिणी की अमन विहार पुलिस ने 24 घंटे में सुलझाया ब्लाइंड मर्डर केस

**रोहिणी, यूटर्न/ 05 जनवरी ।** दिल्ली के रोहिणी जिले में अमन विहार पुलिस स्टेशन की टीम ने एक संवेदनशील ब्लाइंड मर्डर केस को मात्र 24 घंटे के अंदर सुलझा दिया है। नए साल की पूर्व संध्या पर हुई इस क्रूर हत्या के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई और टेक्निकल सर्विलांस की बदौलत यह मामला जल्दी ही सुलझ पाया। घटना 31 दिसंबर 2025 की रात करीब 2 बजे की है, जब अमन विहार इलाके में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हालत में पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने सूचना दी तो पुलिस ने तुरंत उसे संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल पहुंचाया। बाद में परिवार ने उसे सफदरजंग अस्पताल में शिफ्ट करवाया, जहां 3 जनवरी 2026 को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान 35 वर्षीय अविनाश के रूप में हुई। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत का कारण चाकू से लगे गहरे घाव बताए गए। इस घटना के बाद अमन विहार पुलिस स्टेशन में एफआईआर नंबर 05/26 धारा 103(1) बीएनएस (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया। चूंकि घटना अंधेरे में हुई थी और कोई प्रत्यक्ष गवाह नहीं था, इसे ब्लाइंड मर्डर केस माना गया।

## देश के किसी भी कानून में डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई व्यवस्था नहीं: योगी

**» लखनऊ, यूटर्न/ 05 जनवरी ।**

योगी सरकार ने प्रदेशवासियों की गाढ़ी कमाई पर डाका डालने वाले साइबर अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पुलिस द्वारा साइबर अपराध और ठगी को रोकने के लिए साइबर कमांडो की नियुक्ति की गई है। इसके साथ ही पुलिस द्वारा



अवेयरनेस प्रोग्राम भी चलाए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को खुद अपनी पाती में साइबर ठगों से सावधान रहने के लिए प्रदेशवासियों से अपील की है। उन्होंने अपनी पाती का संदेश मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया है और प्रदेशवासियों से जागरूक बनने और अन्य लोगों को जागरूक करने की अपील की है। यह भी कहा कि किसी भी कानून में डिजिटल अरेस्ट का प्रावधान नहीं है।

## ग्रेटर नोएडा में विवाद के दौरान युवक की हत्या, दो आरोपी हिरासत में

**ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 05 जनवरी ।** ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत कैमराला गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां मामूली विवाद के बाद युवकों के एक समूह ने लाठी-डंडों से हमला कर एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी। मृतक की पहचान हरकेश के रूप में हुई है, जो पेशे से रिकवरी एजेंट था और ड्यूटी से लौट रहा था। इस हमले में उसका दोस्त मोहित भी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका अस्पताल में इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हरकेश और उसका दोस्त मोहित गांव के रास्ते से गुजर रहे थे। इसी दौरान गांव में शराब पी रहे कुछ युवकों से उनका विवाद हो गया। आरोप है कि शराब पीने का विरोध करने पर हमलावरों ने दोनों युवकों पर अचानक लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि इस हमले में करीब एक दर्जन युवक शामिल थे, जिन्होंने दोनों को बुरी तरह पीटकर अधमरी हालत में छोड़ दिया और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, इलाज के दौरान डॉक्टरों ने हरकेश को मृत घोषित कर दिया, जबकि मोहित की हालत गंभीर बनी हुई है और वह अस्पताल में भर्ती है। घटना की सूचना मिलते ही दादरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## शाह ने तिरुचिरापल्ली के मंदिरों में पूजा-अर्चना कर मोदी पोंगल समारोह में की शिरकत

**» चेन्नई, यूटर्न/ 05 जनवरी ।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को तिरुचिरापल्ली में भाजपा की तमिलनाडु यूनिट के मोदी पोंगल समारोह में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने उत्साह के साथ पारंपरिक फसल उत्सव मनाया और 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले मजबूत राजनीतिक संदेश दिया।

भाजपा नेताओं और पार्टी कार्यकर्ताओं ने मन्नारपुरम में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री शाह का गर्मजोशी से स्वागत किया।

आयोजकों ने बताया कि इस कार्यक्रम में 2,000 से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया, जिसमें एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत महिलाओं ने 1,008 मिट्टी के बर्तनों में पोंगल की रस्में निभाईं। यह जश्न नम्मा ऊरु मोदी पोंगल विझा नारे के तहत मनाया गया, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तमिल सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने की पार्टी की कोशिश को दिखाता है।



कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री शाह पारंपरिक सफेद धोती और शर्ट पहने नजर आए।

पार्टी नेताओं ने कहा कि इस कार्यक्रम का मकसद जमीनी स्तर के समुदायों तक भाजपा की पहुंच और तमिलनाडु में शासन को सांस्कृतिक पहचान के साथ जोड़ना था। इससे पहले, केंद्रीय गृह मंत्री ने तिरुचिरापल्ली जिले में मंदिरों का दौरा किया। उन्होंने जंबुकेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की और बाद में रंगनाथस्वामी मंदिर गए, जो दक्षिण भारत के सबसे पूजनीय वैष्णव मंदिरों में से एक है।

## आप और अमानतुल्लाह खान को आज देश से माफी मांगनी चाहिए : आशीष सूद

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जनवरी ।**

दिल्ली दंगों से जुड़े मामलों में सुप्रीम कोर्ट द्वारा उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिकाएं खारिज किए जाने के बाद राष्ट्रीय राजधानी की राजनीति में बयानबाजी तेज हो गई है। इस फैसले पर दिल्ली सरकार के मंत्री आशीष सूद और कपिल मिश्रा ने प्रतिक्रिया दी और आम आदमी पार्टी (आप) पर भी गंभीर सवाल उठाए।

दिल्ली के मंत्री आशीष सूद ने आईएएनएस से कहा कि उसने देश को बांटने और उसके खिलाफ साजिश रचने का काम किया है। शरजील इमाम ने इस देश को तोड़ने की साजिश रची है और उसकी कड़े शब्दों में निंदा करता हूं।

आशीष सूद ने दिल्ली विधानसभा के कुछ सदस्यों पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि विधानसभा में ऐसे लोग मौजूद हैं, जिन्होंने अतीत में शरजील इमाम के साथ मंच साझा किया है। आशीष सूद ने विशेष रूप से आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान का नाम लेते हुए कहा कि वह पहले शरजील इमाम के मंचों पर देखे जा चुके हैं। उन्होंने मांग की कि आम आदमी पार्टी और अमानतुल्लाह खान को आज देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। वहीं, दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को दिल्ली दंगों को लेकर लंबे समय से उठ रहे सवालों का जवाब बताया। उन्होंने कहा कि यह फैसला एक बार फिर साबित करता है कि दिल्ली दंगे अचानक नहीं हुए थे, बल्कि यह एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा थे।



यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# उच्चतम न्यायालय ने उमर खालिद, शरजील इमाम की जमानत याचिकाएं की खारिज

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जनवरी।**

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को फरवरी 2020 के दिल्ली दंगों के पीछे कथित बड़ी साजिश से संबंधित गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज मामले में उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत मंजूर करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने दोनों कार्यकताओं के खिलाफ लगाये गये आरोपों की गंभीरता को रेखांकित करते हुए कहा कि वे मामले के अन्य आरोपियों की तुलना में गुणात्मक रूप से अलग स्थिति में हैं।



न्यायालय ने हालांकि पांच अन्य सह-आरोपियों गुलफिशां फातिमा, मीरान हैदर, शिफा-उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान और शादाब अहमद की इस हिंसा में कथित भूमिकाओं को अलग बताते हुए उनकी जमानत अर्जी मंजूर कर ली। यह फैसला आरोपियों की अलग-अलग दायर विशेष अनुमति याचिकाओं पर आया है।

इसमें उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय के दो सितंबर के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उनकी जमानत मंजूर करने से इनकार कर दिया गया था। पीठ ने कहा कि चूंकि आदेश लंबा है, इसलिए पीठ केवल कुछ ही अंश ही पढ़ेगी। न्यायालय ने जोर देकर कहा कि इस मामले में त्वरित सुनवाई आवश्यक है। बचाव पक्ष ने आरोप लगाया था कि जांच और सुनवाई में देरी के लिए अभियोजन पक्ष जिम्मेदार है। न्यायालय के आदेश में कहा गया है कि देरी के कारण गहन न्यायिक जांच की स्थिति हो सकती है। संविधान में अनुच्छेद 21 का केंद्रीय स्थान है और सुनवाई से पहले जेल में रहने को सजा के रूप में नहीं माना जा सकता। स्वतंत्रता से वंचित करना मनमाना नहीं होना चाहिए। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि उमर खालिद और शरजील इमाम अन्य आरोपियों की तुलना में गुणात्मक रूप से अलग स्थिति में खड़े हैं और सचेत रूप से सामूहिक या एकीकृत दृष्टिकोण से परहेज किया गया है।

न्यायालय ने कहा कि वह इस बात से संतुष्ट है कि अभियोजन पक्ष की सामग्री अपीलकर्ता उमर खालिद और शरजील इमाम के खिलाफ प्रथम दृष्टया आरोप प्रकट करती है।

इन अपीलकताओं के मामले में वैधानिक सीमा लागू होती है और कार्यवाही के इस स्तर पर उनकी जमानत पर रिहाई उचित नहीं है।

# आप के चार विधायक तीन दिनों के लिए सदन की कार्यवाही से निष्कासित



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जनवरी।**

**विधानसभा सत्र की शुरू होते ही उपराज्यपाल ने अपना अभिभाषण जैसे ही शुरू किया आप के कुछ विधायक दिल्ली प्रदूषण और जनहित से जुड़े मुद्दे उठाने की कोशिश करने लगे ।**

दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सोमवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के अभिभाषण के दौरान व्यावधान उत्पन्न करने के आरोप में आम आदमी पार्टी (आप) के चार विधायकों को तीन दिन के लिए सदन की कार्यवाही से निलंबित कर दिया।

विधानसभा सत्र की शुरू होते ही उपराज्यपाल ने अपना अभिभाषण जैसे ही शुरू किया आप के कुछ विधायक दिल्ली प्रदूषण और जनहित से जुड़े मुद्दे उठाने की कोशिश करने लगे । अभिभाषण के बीच ही अध्यक्ष ने आप विधायकों संजीव झा, जरनैल सिंह, कुलदीप कुमार और सोमदत्त को सदन से बाहर जाने का निर्देश दिया। इसके विरोध में आप के कुछ सदस्य सदन से वाक आउट कर गए हालांकि आप नेता गोपाल राय पूरे अभिभाषण में सदन में मौजूद रहे। उपराज्यपाल के अभिभाषण के बाद सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होते ही कुछ दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गयी।

उसके बाद विधायी कार्य मंत्री परवेश साहिब सिंह ने प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि उपराज्यपाल के अभिभाषण के दौरान जिस प्रकार का आचरण विपक्षी सदस्यों ने किया वह अशोभनीय है और उन सभी के खिलाफ कार्रवाई की जाये।

# द्वारका जिला पुलिस की बड़ी कामयाबी

## 2025 में 82 उद्घोषित अपराधी गिरफ्तार, नो प्लेस टू हाइड की रणनीति सफल

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जनवरी।**

द्वारका जिला पुलिस की पीओ/जेल बेल सेल ने 2025 में लगातार और प्रभावी कार्रवाई करते हुए उद्घोषित अपराधियों के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस की ओर से सोमवार को एक प्रेस नोट जारी कर इस संबंध में जानकारी दी गई। नो प्लेस टू हाइड की नीति पर काम करते हुए द्वारका पुलिस ने इस वर्ष कुल 82 फरार/उद्घोषित अपराधियों को ट्रेस कर गिरफ्तार या न्यायिक हिरासत में चिन्हित किया है। ये सभी अपराधी गंभीर और जघन्य आपराधिक मामलों में वांछित थे। यह अभियान अदालत की प्रक्रियाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और फरार अपराधियों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से चलाया गया। पूरी कार्रवाई डीसीपी द्वारका जिला के मार्गदर्शन और राम अवतार की रणनीतिक निगरानी में की गई, जिसे पीओ/जेल बेल सेल की टीम ने सतत मॉनिटरिंग और फॉलोअप के साथ अंजाम दिया। वर्ष 2025 के दौरान अपनाई गई रणनीति के तहत 82 उद्घोषित अपराधियों पर कानूनी कार्रवाई की गई, जिसमें छापेमारी कर 36 अपराधियों की गिरफ्तारी, फरार अपराधियों पर लगातार निगरानी, ठोस खुफिया जानकारी जुटाना, लक्षित छापेमारी और सटीक कार्रवाई शामिल है।

इस कार्रवाई के दौरान डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से 46 अपराधियों की पहचान की गई। ये अपराधी पहले से न्यायिक हिरासत में पाए गए। डिजिटल वेरिफिकेशन के जरिए उनकी स्थिति की पुष्टि की गई। पीओ/जेल बेल सेल ने आधुनिक तकनीक को पारंपरिक पुलिसिंग के साथ जोड़ते हुए राष्ट्रीय आपराधिक न्याय प्लेटफॉर्म्स का सुनियोजित उपयोग किया, जिनमें आईसीजेएस (इंटर-



ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम), ई-प्रिजन्स पोर्टल और पीओएमएस (प्रोक्लेम्ड ऑफेंडर मैनेजमेंट सिस्टम) शामिल हैं। इन प्लेटफॉर्म्स के जरिए न केवल अपराधियों की त्वरित पहचान संभव हुई, बल्कि जेल और न्यायालयों के साथ बेहतर समन्वय भी स्थापित किया गया।

वर्ष 2025 में ट्रेस और गिरफ्तार किए गए उद्घोषित अपराधी कई संगीन मामलों में शामिल थे, जिनमें लूट और डकैती, महिलाओं के खिलाफ अपराध, धोखाधड़ी और वित्तीय अपराध, आर्म्स एक्ट से जुड़े मामले और आईपीसी व अन्य संबद्ध कानूनों के तहत गंभीर अपराध शामिल है। कार्रवाई कर रही टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर मनीष यादव (इंचार्ज) ने किया। उनके साथ इस अभियान में एसआई बलजीत, एएसआई हंसराज, हेड कांस्टेबल प्रदीप, हेड कांस्टेबल कुलवंत, हेड कांस्टेबल महेश डागर, हेड कांस्टेबल महेश कुमार, हेड कांस्टेबल अजीत कुमार, कांस्टेबल अंकुर, कांस्टेबल जयदीप, महिला हेड कांस्टेबल पूनम, महिला कांस्टेबल रोशनी तथा महिला कांस्टेबल सुरेंद्र कौर शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### आईजीएल की फटी पाइप, तीन घंटे आपूर्ति ठप

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 05 जनवरी।** टीलामोड़ स्थित इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में दोपहर 12 बजे आईजीएल की पाइप लाइन टूट जाने से करीब तीन घंटे गैस की आपूर्ति बाधित रही। इसकी वजह से कॉलोनी के 150 घरों में परेशानी हुई। कॉलोनी के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सतीश भारद्वाज ने बताया कि पड़ोस में मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। इसी दौरान जेसीबी की वजह से आईजीएल की पाइप लाइन टूट गई। गनीमत रही की इस दौरान कोई हादसा नहीं हुआ। लोगों ने एक दूसरे को सूचना दी। वहीं तत्काल विभाग को जानकारी दी गई। विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मरम्मत कार्य शुरू किया। लेकिन कार्य होने में करीब तीन घंटे का समय लग जाने की वजह से लोगों को खाना बनाने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ा। लोग दोपहर में खाना के लिए बाजार गए। उन्होंने बताया कि आईजीएल के इंजीनियर मौके पर पहुंचे और जल्द लोगों की समस्या का समाधान कराया।

### गाली-गलौज का विरोध करने पर फैक्टरी कर्मी को पीटा

**लोनी, यूटर्न/ 05 जनवरी।** गाली-गलौज का विरोध करने पर तीन लोगों ने डाबर तालाब कॉलोनी निवासी अफजल को पीट दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने साहिब आलम, उसके भाई जान आलम और अरमान के खिलाफ रविवार को प्राथमिकी दर्ज की है। मामले में अफजल ने बताया कि वह ट्रॉनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र स्थित फैक्टरी में काम करते हैं। ड्यूटी के बाद वह घर लौट रहे थे। रास्ते में उन्हें तीनों आरोपी भी जाते हुए मिले। तीनों ने उनसे गाली गलौज शुरू कर दी। जब उन्होंने इसका विरोध किया तब आरोपियों ने मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि दोनों पक्षों में पुराने विवाद की बात सामने आई है। आरोपियों को हिरासत में लेकर मामले का खुलासा किया जाएगा।

# लीज पर भूमि दिलाने का झांसा देकर बिल्डर से 2.44 करोड़ ठगे

» **इंदिरापुरम, यूटर्न/ 05 जनवरी।**

वैशाली सेक्टर सात स्थित रामप्रस्थ ग्रींस निवासी बिल्डर मनोज कुमार सिंह से 2.44 करोड़ रुपये की ठगी कर ली गई। आरोपियों ने उनको मोहन नगर कर्मचारी आवास समिति लिमिटेड वैशाली की जमीन लीज पर दिलाने का झांसा दिया था। बाद में आरोपियों ने जमीन दिलाने और रुपये वापस करने से इन्कार कर दिया। उन्होंने पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है।

दिसंबर 2025 में पुलिस से शिकायत हुई। एंटी फ्रॉड सेल की जांच के बाद मामले में आरोपी सतीश शर्मा, भूषण त्यागी, योगेंद्र मुगराई, संजीव सोनी व साजिद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

पुलिस से शिकायत दिसंबर 2025 में की गई थी। इसमें बिल्डर मनोज कुमार सिंह ने बताया कि वर्ष 2020 में आरोपी सतीश शर्मा, भूषण त्यागी, योगेंद्र मुगराई, संजीव सोनी व साजिद उनसे प्रॉपर्टी डीलर बनकर मिले थे। उन्होंने मोहन नगर कर्मचारी आवास समिति लिमिटेड वैशाली की जमीन लीज पर दिलाने की बात कही थी। आरोपियों ने कुछ दस्तावेज भी दिखाए। इससे उन्हें भरोसा हो गया। वर्ष 2020 से 2022 के बीच उन्होंने आरोपियों को 2.44 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया।

# ऑपरेशन सिंदूर व आपदा राहत अभियानों में एनसीसी कैडेट्स की सेवा सराहनीय: उपराष्ट्रपति

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जनवरी।**

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने ऑपरेशन सिंदूर तथा विभिन्न आपदा राहत अभियानों में एनसीसी कैडेट्स की सराहनीय सेवाओं का उल्लेख किया। उपराष्ट्रपति सोमवार को नई दिल्ली में एनसीसी के रिपब्लिक डे कैंप 2026 में पहुंचे थे। यहां उन्होंने एनसीसी कैडेट्स को संबोधित किया। इसी दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर व विभिन्न आपदा राहत अभियानों में एनसीसी कैडेट्स की सराहनीय सेवाओं का जिक्र किया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि एनसीसी शिविर केवल प्रशिक्षण का केंद्र नहीं, बल्कि भारत की विविधता में एकता, संवैधानिक मूल्यों और भविष्य के नेतृत्व की झलक प्रस्तुत करता है।

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन बतौर मुख्य अतिथि नई दिल्ली में आयोजित एनसीसी रिपब्लिक डे कैंप के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने देश के निर्माण में एनसीसी की अहम भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि एनसीसी का ध्येय वाक्य ह्लएकता और अनुशासन देश के युवाओं को आत्मविश्वासी, जिम्मेदार और सेवा-



भावी नागरिक बनाने में लगातार महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

उन्होंने कहा कि यही युवा विकसित भारत 2047 की नींव हैं। कार्यक्रम की शुरूआत में उपराष्ट्रपति का कैंप पहुंचने पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत किया गया। इसके बाद उपराष्ट्रपति ने हॉल ऑफ फेम का दौरा किया। हॉल ऑफ फेम में उन्हें एनसीसी की गौरवपूर्ण विरासत, उपलब्धियों और विकास यात्रा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उपराष्ट्रपति ने यहां विभिन्न प्रदर्शनी स्टॉल्स का भी निरीक्षण किया। इन प्रदर्शनी स्टॉल्स में युवा आपदा मित्र योजना, ड्रोन प्रशिक्षण, और नई प्रौद्योगिकियों के उपयोग से जुड़ी पहल शामिल रहीं। उपराष्ट्रपति ने इस अवसर पर आपदा प्रबंधन की तैयारी और उभरती तकनीकों को अपनाने में एनसीसी की भूमिका की प्रशंसा की। यहां आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में कैडेट्स ने विविध राज्यों की कला-संस्कृति को भी प्रस्तुत किया। उपराष्ट्रपति ने कैडेट्स से संवाद भी किया और उनके अनुशासन, उत्साह और राष्ट्रीय गौरव की भावना की विशेष सराहना की। एनसीसी के कैंप में कैडेट्स के लिए कई प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। एनसीसी रिपब्लिक डे कैंप में कई अन्य प्रमुख आयोजन भी होने हैं। यहां आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में बेस्ट कैडेट प्रतियोगिता, स्मॉल आर्म्स फायरिंग, गणतंत्र दिवस परेड में मार्चिंग कंटिजेंट तथा फ्लैग एरिया डिजाइनिंग शामिल हैं। गौरतलब है कि रक्षा मंत्री व तीनों सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारी भी गणतंत्र दिवस के लिए लगने वाले विशेष एनसीसी कैंप में जाते हैं।

# नबी करीम थाना पुलिस की बड़ी कामयाबी, आजीवन कारावास की सजा पाए फरार दोषी को किया गिरफ्तार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जनवरी।**

सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के थाना नबी करीम पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए आजीवन कारावास की सजा पाए एक फरार दोषी (बेल जंपर) को गिरफ्तार किया है। साल 1999 में अपने ही भाई की हत्या के मामले में दोषी ठहराए गए भीम महतो को कई महीनों से फरार रहने के बाद हरियाणा के गुरुग्राम से दबोचा गया। दिल्ली पुलिस की ओर से जारी प्रेस नोट के अनुसार, बिहार का रहने वाला भीम महतो को थाना नबी करीम में दर्ज एफआईआर



संख्या 120/1999 के तहत अपने भाई किशन महतो की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में साल 2002 में तीस हजारी कोर्ट ने उसे दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। बाद में अपील लंबित रहने के दौरान उसे जमानत मिल गई थी। हालांकि, 30 अक्टूबर 2025 को दिल्ली हाईकोर्ट ने उसकी अपील खारिज कर दी और उसे 5 नवंबर 2025 तक आत्मसमर्पण करने के निर्देश दिए थे। लेकिन, आरोपी फरार रहा। इसके बाद, कोर्ट ने उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया।

प्रेस नोट में कहा गया कि फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए थाना नबी करीम में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। इस टीम में एसआई नीरज राठी, हेड कांस्टेबल महेश और हेड कांस्टेबल जगसोरन शामिल थे। पूरी कार्रवाई का नेतृत्व थाना प्रभारी निरीक्षक ईश्वर सिंह ने किया, जबकि ऑपरेशन की समग्र निगरानी पहाड़गंज के एसीपी सौरभ ए नरेंद्र द्वारा की गई।

पुलिस टीम ने आरोपी के बिहार स्थित पैतृक गांव और दिल्ली-एनसीआर में उसके संभावित ठिकानों पर लगातार निगरानी रखी। तकनीकी सर्विलांस, मोबाइल डेटा विश्लेषण, लोकेशन बेस्ड सर्विस (एलबीएस) ट्रैकिंग और डिजिटल फुटप्रिंट की जांच के जरिए उसकी गतिविधियों पर नजर रखी गई।

## फटाफट खबरें

### ई-कचरा जलाने से फैल रहा प्रदूषण, लोगों को हो रही परेशानी

**लोनी, यूटर्न/ 05 जनवरी।** ट्रॉनिका सिटी यूपीएसआईडीसी की दीवार के बगल में ई-कचरा जलाया जा रहा है। अगरौला गांव में रहने वाले सत्येंद्र बंसल ने मामले में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। आरोप है की शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है और अधिकारी आंख बंद करके बैठे हैं। पुलिस आयुक्त को दिए पत्र में लोगों ने आरोप लगाए हैं कि ट्रॉनिका सिटी में ई-वेस्ट (इलेक्ट्रॉनिक कचरे) को जलाया जा रहा है। सत्येंद्र बंसल ने बताया कि हमारे क्षेत्र में ट्रॉनिका सिटी में फैक्टरी से निकले ई-वेस्ट को एकत्र कर खुले में जलाया जा रहा है। इससे विषैली गंध एवं हानिकारक गैस पर्यावरण में फैल रही है। क्षेत्र के लोगों को भी स्वास्थ्य का खतरा पैदा हो रहा है। बच्चों, बुर्जुगों और सांस के मरीजों को सबसे ज्यादा खतरा है। खांसी, गले में जलन, आंखों में जलन एवं अन्य सांस संबंधी रोग हो रहे हैं।

### एसीपी के आश्वासन पर सोसायटी निवासियों ने निरस्त किया प्रदर्शन

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 05 जनवरी।** हम तुम रोड की बदहाली न सुधरने के विरोध में प्रदर्शन करने की योजना बना रहे करीब 10 सोसायटी के निवासियों ने एसीपी के आश्वासन पर प्रदर्शन को निरस्त कर दिया। रविवार को राजनगर एक्सटेंशन स्थित निलाया ग्रीन सोसायटी निवासी मंजीत ने बताया कि हम तुम रोड की स्थिति ठीक न होने के विरोध में प्रभावित आसपास के सोसायटी निवासी प्रदर्शन कर विरोध जताने की योजना बना रहे थे, लेकिन मामले की सूचना पुलिस अधिकारियों को मिलने पर प्रदर्शन के नेतृत्वकताओं के पास पुलिस पहुंच गई। इसके बाद एसीपी ने उनके पत्र को उच्चाधिकारियों को सौंपकर निस्तारण का आश्वासन दिया।

### वसुंधरा और संजयनगर की हवा सबसे खराब

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 05 जनवरी।** जिले के अन्य इलाकों में जहां हवा धीरे-धीरे साफ हो रही है, वहीं वसुंधरा और संजय नगर की हवा जहरीली होती जा रही है। रविवार को गाजियाबाद का एक्यूआई 298 दर्ज हुआ, लेकिन वसुंधरा में 353 और संजय नगर में 301 एक्यूआई पहुंच गया। लोगों को सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है। स्वास्थ्य संबंधी समस्या भी बढ़ रही है। प्रदूषण रोकने में विभागीय सख्तियों का असर कम होता दिखाई दे रहा है। शनिवार के मुकाबले रविवार को जिले के एक्यूआई में बढ़ोत्तरी मापी गई। हालांकि गाजियाबाद ओरेंज जोन में रहा।

### रैन बसेरे में शराब और असलहे पर पाबंदी

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 05 जनवरी।** कौशांबी डिपो के अस्थायी रैन बसेरे समेत शहर के सभी रैन बसेरों के लिए नगर निगम ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। नगर निगम ने शहर के सभी रैन बसेरों में अनुशासन और स्वच्छता बनाए रखने के उद्देश्य से बोर्ड लगाया है। निगम के वसुंधरा जोनल प्रभारी सुनील राय ने बताया कि सूचना बोर्ड में साफ तौर पर निर्देश अंकित किए गए हैं। रैन बसेरों में किसी भी प्रकार की अवैध या असामाजिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। रैन बसेरों में शराब पीना, धूम्रपान करना, गुटखा खाना और पान थूकना पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके साथ ही रैन बसेरे की दीवारों पर गंदगी फैलाना और जुआ व ताश खेलना भी प्रतिबंधित किया गया है।

# राज्य स्तरीय मुए थाई चैम्पियनशिप का सम्मापन : राहुल राणा और कमल सैनी

» **राजेश सलूजा**



हरियाणा, यूटर्न/ 05 जनवरी। चौथी हरियाणा सिनियर महिला व पुरुष राज्य मुएथाई चैम्पियनशिप 2026 का आयोजन स्थानीय दुर्गा स्पोर्ट्स अकादमी भिवानी मे किया गया जिसमें मुए थाई खेल संघ-हरियाणा के चेयरमैन कमल सैनी मुख्य अतिथि के रूप में और श्री सनातन धर्म जगदीश कन्या सि० से० स्कूल की प्राचार्या श्रीमती संगीता सैनी विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपस्थित हुई. मुएथाई स्पोर्ट्स एसोसिएशन हरियाणा के प्रधान शशि प्रताप सिंह उर्फ राहुल राणा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की मुख्य अतिथि ने पहले मुकाबले में दोनों खिलाड़ियों का हाथ मिलाकर कर शुभारम्भ किया। हरियाणा के महासचिव सोमबीर वशिष्ठ ने बताया कि प्रतियोगिता में हरियाणा प्रदेश के 17 जिलों से 115 महिला व पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया।मुख्य अतिथि कमल सैनी ने कहा कि मुए थाई खेल आज पूरे देश मे जिला से लेकर तहसील और ग्रामीण क्षेत्रों में भी खेला जाता है आज देश के सभी 29 राज्यों 9 केन्द्र शासित प्रदेशों में मुए थाई खेल की टीमें बनी हुई है अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय खिलाड़ी हर वर्ष मेडल जीतकर देश का नाम रोशन कर रहे हैं यह खेल इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ मुए थाई से मान्यता प्राप्त हैं ऑलंपिक काउंसिल आफ एशिया के साथ अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी से भी मान्यता प्राप्त हैं सरकार की खेल प्रोत्साहन नीतियाँ,मजबूत खेल ढांचा और खिलाड़ियों को मान सम्मान इन्ही कारणों से हरियाणा आज पुरे भारत मे खेल हब बन चूका है. प्रदेश अध्यक्ष राशि प्रताप सिंह ने कहा कि खेल मतलब हरियाणा ये आज सच साबित हो रहा है यह खेल अन्तर्राष्ट्रीय ऑलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त होने के कारण आज मात्र चार वषों से भी कम समय मे आज हरियाणा प्रदेश मे 17 जिलों से जिला स्तरीय चैम्पियनशिप मे चयनित खिलाड़ी इस राज्य स्तरीय चैम्पियनशिप मे भाग ले रहे हैं समापन समारोह में श्री कमल सैनी मुख्य अतिथि,प्राचार्य श्रीमती संगीता सैनी विशिष्ट अतिथि,मंजीत दुग्गल रोहतक और श्रीमती सज्जन कँवर रहे सभी ने खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया।

# अभय सिंह चौटाला का बयान ओछी मानसिकता को दर्शाता है : विधायक विनोद भयाना



- विधायक ने कहा कि हांसी को जिला बनाने का निर्णय सरकार द्वारा क्षेत्र के समग्र विकास, प्रशासनिक सुविधा और जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, न कि किसी व्यक्ति विशेष के निजी स्वार्थ के लिए। उन्होंने कहा कि जनता सब जानती है और ऐसे भ्रामक बयानों से सच्चाई को छुपाया नहीं जा सकता।

» **हरियाणा, यूटर्न/ 05 जनवरी।**

विधायक विनोद भयाना ने इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला द्वारा दिए गए बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के निराधार और तथ्यहीन बयान उनकी ओछी मानसिकता को दशार्ते हैं।

विधायक विनोद भयाना शनिवार को स्थानीय लोक निर्माण विभाग के विश्राम ग्रहण पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अभय सिंह चौटाला जिस परिवार से आते हैं, उस परिवार के बाप-दादा ने प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर राजनीति की है। चौधरी देवीलाल जैसी महान शख्सियत ने अपने कर्मों और जनहितैषी नीतियों के बल पर जनता का विश्वास जीतते हुए प्रधानमंत्री पद तक का सफर तय किया, लेकिन आज उनके वंशज अभय सिंह चौटाला अपने कर्मों के कारण जनता द्वारा नकार दिए गए हैं।

विधायक विनोद भयाना ने कहा कि अभय सिंह चौटाला द्वारा यह कहना कि उन्होंने हांसी के चारों ओर जमीन खरीद रखी है और इसी कारण हांसी को जिला बनवाया गया है, पूरी तरह से झूठा और बेबुनियाद आरोप है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पिछले तीन वर्षों के दौरान उन्होंने एक इंच जमीन भी नहीं खरीदी है। यह बयान बिना किसी आधार के दिया गया है, जिसका सच्चाई से कोई लेना-देना नहीं है।

विधायक ने कहा कि हांसी को जिला बनाने का निर्णय सरकार द्वारा क्षेत्र के समग्र विकास, प्रशासनिक सुविधा और जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, न कि किसी व्यक्ति विशेष के निजी स्वार्थ के लिए। उन्होंने कहा कि जनता सब जानती है और ऐसे भ्रामक बयानों से सच्चाई को छुपाया नहीं जा सकता।

विधायक विनोद भयाना ने कहा कि वे साफ-सुथरी और सकारात्मक राजनीति में विश्वास रखते हैं और आगे भी जनसेवा व विकास के मुद्दों पर ही राजनीति करते रहेंगे।

उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए वे इस प्रकार के अनर्गल आरोप लगाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा नेता राजपाल यादव तथा विधायक के राजनीतिक सलाहकार दिनेश भूटानी भी मौजूद रहे।



# कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा एवं विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि की उपस्थिति में पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा ने बवानी खेड़ा में मनाया जन्मदिवस

» **हरियाणा, यूटर्न/ 05 जनवरी।**

बवानी खेड़ा में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा ने अपना जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर हरियाणा सरकार में लोक निर्माण विभाग एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान सतबीर वर्मा ने मंत्री रणबीर गंगवा की उपस्थिति में केक काटकर जन्मदिवस मनाया। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ईश्वर उन्हें उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु और निरंतर सामाजिक सेवा के लिए शक्ति व ऊर्जा प्रदान करें। उन्होंने कहा कि सतबीर वर्मा का मार्गदर्शन और अनुभव समाज के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहा है। वहीं सतबीर वर्मा ने प्रदेशभर से सोशल मीडिया, फोन कॉल एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त हुई जन्मदिवस की शुभकामनाओं और स्नेह के लिए सभी शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनता का प्यार और सहयोग ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है, जो उन्हें समाज सेवा के लिए लगातार प्रेरित करता है। इस अवसर पर बवानी खेड़ा विधायक कपूर सिंह बाल्मीकि, जिला अध्यक्ष भिवानी भाजपा वीरेंद्र कौशिक, नगरपालिका चेयरमैन बवानी खेड़ा सुंदर अत्री सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आस्ट्रेलिया के मेलबर्न में आयोजित सत्संग से गूंजी भक्ति और सद्विचारों की धारा

## कुरुक्षेत्र से आस्ट्रेलिया गए अप्रवासी भारतीयों ने किया संत सम्मान

» **विनायक कौशिक**



ऑस्ट्रेलिया, यूटर्न/ 05 जनवरी। विदेश में भी कुरुक्षेत्र व हरियाणा के साथ विभिन्न क्षेत्रों से आए लोग भारतीय संस्कृति संस्कारों एवं धर्म के मार्ग को भूले नहीं हैं। इस प्रमाण आस्ट्रेलिया के मेलबर्न में आयोजित कार्यक्रम में देखने को मिला। श्री शिव विष्णु टेंपल मेलबर्न में एक दिव्य और प्रेरणादायक सत्संग का सफल आयोजन श्री नंगली दरबार के प्रवासी भारतीय भक्त जनों के द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस सत्संग का उद्देश्य लोगों को भक्ति के मार्ग से जोड़ना, जीवन में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना और आध्यात्मिक ज्ञान का प्रसार करना था। सत्संग के दौरान श्री अद्वैत स्वरूप विचार आश्रम हरियाणा प्रदेश भारत से आए हुए स्वामी ध्यान प्रेमानंद जी महाराज ने सरल शब्दों में भक्ति व धर्म का महत्व समझाया और बताया कि किस प्रकार सच्ची भक्ति मनुष्य के जीवन में शांति, संतुलन और सदाचार लाती है। सत्संग में मौजूद लोगों को अच्छे विचारों, मानव मूल्यों और आत्मिक उन्नति से जुड़े संदेश दिए गए, जिन्हें सभी ने बड़े ध्यान और श्रद्धा के साथ सुना। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि आज की भागदौड़ भरी ज़िंदगी में सत्संग और भक्ति मन को स्थिर करने का एक सशक्त माध्यम है। सत्संग के माध्यम से लोगों को अहंकार, क्रोध और नकारात्मकता से दूर रहकर प्रेम, करुणा और सेवा भाव अपनाने की प्रेरणा मिलती है। श्रद्धालुओं ने बताया कि इस सत्संग से उन्हें मानसिक शांति और आत्मिक ऊर्जा की अनुभूति हुई। कई लोगों ने कहा कि विदेश धरती पर भी ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक वातावरण बनता है और नई पीढ़ी को सही दिशा मिलती है। कार्यक्रम का समापन सामूहिक प्रार्थना और शांति पाठ के साथ हुआ। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे सत्संग आयोजित करने की इच्छा जताई ताकि अधिक से अधिक लोग भक्ति और सद्विचारों से जुड़ सकें। यह सत्संग न केवल एक धार्मिक आयोजन था, बल्कि यह लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का एक सशक्त प्रयास भी साबित हुआ। इस अवसर पर अंशुल गाबा,सपना गाबा, विशाल,अमित,रणजीत सिंह संधू, मनप्रीत, दीपक अरोड़ा, जयंत कुमार, श्रवण मेहता, सुरेश, चंचल, दीपेश गुप्ता इत्यादि भी मौजूद रहे। आस्ट्रेलिया में स्वामी ध्यान प्रेमानंद जी महाराज एवं श्रद्धालुगण।

# सीएम सरमा ने असम में शुरू किया बीजेपी का वॉल पेंटिंग अभियान

» **गुवाहाटी, यूटर्न/ 05 जनवरी।**

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दीवार चित्रकला (वॉल पेंटिंग) अभियान की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि यह अभियान निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाएगा और पार्टी चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने दावा किया कि असम में भाजपा की स्थिति बेहद मजबूत है और पार्टी के पास करीब 50 प्रतिशत विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवार तैयार हैं। सरमा ने कहा कि यदि पार्टी नेतृत्व आज ही 50 सीटों के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी करने को कहे, तब यह संभव है। वहीं सीएम सरमा ने स्पष्ट किया कि भाजपा उम्मीदवारों से किसी तरह का आवेदन शुल्क नहीं लेगी। उम्मीदवारों के नाम जनता और पार्टी कार्यकर्ता सुझाएंगे और टिकट के लिए 25,000 या 50,000 रुपये जैसी कोई राशि नहीं ली जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### चार भाइयों पर पड़ोसियों ने लगाया मारपीट का आरोप

**लोनी, यूटर्न/ 05 जनवरी।** थानाक्षेत्र स्थित पूजा कॉलोनी निवासी मदनपाल ने अपने पड़ोसी संजय, राजेश, लाला, विजय पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने चारों आरोपी भाइयों के खिलाफ रविवार को नामजद प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। मदनपाल सिंह ने बताया कि वह घर की तरफ जा रहे थे। रास्ते में पड़ोसी संजय, राजेश, लाला, विजय ने उनसे गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर चारों ने मारपीट की। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### चार घंटे देरी से आई न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 05 जनवरी।** न्यू जलपाई गुड़ी सुपरफास्ट रविवार को अपने निश्चित समय से चार घंटे देरी से गाजियाबाद पहुंची। इसको यहां दिन में चार बजे पहुंचना था, लेकिन यह रात को आठ बजे गाजियाबाद पहुंची। दिल्ली हाथरस किला मेमू 50 मिनट, दिल्ली अलीगढ़ ईएमयू आधा घंटे, मेरठ छावनी पैसेंजर 35 मिनट, योगनगरी ऋषिकेश एक घंटे 10 मिनट, नई दिल्ली स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस 32 मिनट, ऊंचाहार एक्सप्रेस 46 मिनट, दिल्ली पैसेंजर 36 मिनट, आनंदविहार टर्मिनल एक घंटे, आर्म्रपाली एक्सप्रेस पौने दो घंटे, देरी से आई। सवेरे भी 14 से अधिक ट्रेनें अपने निर्धारित समय से तीन घंटे की देरी से आईं। इस बारे में नॉर्दर्न रेलवे के सीपीआरओ हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि कोहरे का असर कम होने से ट्रेनों के समय में काफी हद तक सुधार आया है।

### गैंगस्टर एक्ट में वांछित शादाब गिरफ्तार

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 05 जनवरी।** कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे शादाब निवासी अशोक विहार लोनी को गिरफ्तार किया। उसे खिलाफ तीन मुकदमे पंजीकृत हैं। एसीपी रितेश त्रिपाठी ने बताया कि शादाब दिल्ली एनसीआर में चोरी, लूट और टप्पेबाजी की घटनाओं को अंजाम देता था। उसके कई साथी भी वांछित हैं। उनको भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। आरोपी लंबे समय से आपराधिक दुनिया में सक्रिय चल रहा था।

# अंतरराष्ट्रीय गैंग युवाओं को वीजा झांसे में फंसा रहा

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 05 जनवरी।**

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में लॉरेंस बिश्नोई, रोहित गोदारा समेत अन्य अंतरराष्ट्रीय गैंग लालच देकर युवाओं को अपने साथ मिला रहे हैं। विदेश लेकर जाने, गैंग के बड़े नामों से मुलाकात समेत कई प्रकार से युवाओं को गुमराह कर रहे हैं। साथ ही यह गैंग अलग-अलग हैंडलर की मदद से अजरबैजान और अमेरिका से नियंत्रित किए जाते हैं। यह जानकारी एसटीएफ की इस गैंग को लेकर चल रही जांच में सामने आई है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एक्टिव हुए गैंग के बाद एसटीएफ इससे जुड़े लोगों की कुंडली खंगाल रही है। इसमें 28 सदस्यों पर नजर रखी जा रही थी। इस जांच में और भी युवाओं की




जानकारी पुलिस को मिली है, जो इन गैंग के लोगों के संपर्क में हैं।

एसटीएफ की नोएडा यूनिट के एसपी राजकुमार मिश्र ने बताया कि गैंग के संपर्क वाले लोगों पर नजर रखी जा रही है। इसमें कई महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आ रही हैं। इन गैंग का लोकल सपोर्ट रडार पर है। अन्य जानकारियां भी जुटाई जा रही हैं।

### छोटे क्राइम करवा फंसाते हैं

सूत्रों के अनुसार, गैंग सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं से संपर्क करता है। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों पर इनकी नजर रहती है, जहां लोकल सदस्य युवाओं से संपर्क कर उन्हें गैंग के लिए खुद को साबित करने का टास्क देते हैं। इसमें घरों के बाहर फायरिंग, लूट जैसे कार्य कराए जाते हैं। इसके बाद उनके केस में बचाने के साथ उन्हें कनाडा, अमेरिका और दूसरे देशों का वीजा काम पूरा होने के बाद देने का झांसा दिया जाता है। एसटीएफ एसपी ने बताया कि इस प्रकार की जानकारी मिली है। इन पर अधिक जानकारी जुटाई जा रही है।

### स्थान की लोकेशन पर भेज दिए जाते हैं हथियार

जांच में सामने आया है कि गैंग की तरफ से दिए जाने वाले हथियार सीधे नहीं दिए जाते हैं। अजरबैजान और अमेरिका में बैठे हैंडलर से एक लोकेशन लोकल स्तर पर काम कर रहे सदस्य को दी जाती है। इसकी लोकेशन काम के लिए तैयार हुए युवा को दे दी जाती है, जहां वह दी गई लोकेशन से हथियार लेता है। यह लोकेशन किसी मैदान में मिट्टी के नीचे से हथियार निकालने वाली भी होती है।

## दिल्ली में ठंड से राहत के अभी आसार नहीं, बफीर्ली हवाओं ने किया परेशान; आज मौसम साफ रहेगा



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जनवरी।** राजधानी में ठंड का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग के अनुसार अभी ठंड से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। रविवार सुबह से ही दिल्ली के आसमान में हल्की धुंध की चादर छाई हुई दिखी। कुछ जगहों पर कोहरा भी देखने को मिला। ऐसे में कोहरे और धुंध की वजह से दृश्यता कम दर्ज की गई है। पूरे दिन सूर्यदेव ने दर्शन नहीं दिए। दिन के समय भी पहाड़ों से आई बफीर्ली हवाओं ने खासा परेशान किया। इस दौरान अधिकतम तापमान सामान्य से 2.0 डिग्री कम के साथ 17.3 रहा। इसके अलावा, न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री दर्ज हुआ। यह सामान्य से 0.5 डिग्री रहा। दिल्ली में अधिकतम आर्द्रता 100 प्रतिशत और न्यूनतम आर्द्रता 64 प्रतिशत रही। वहीं, रिज में पारा 8.9 दर्ज किया गया। इसके अलावा, आया नगर में 6.6, लोधी रोड में 7.6 व पालम में 6.8 न्यूनतम पारा दर्ज किया गया। वहीं, सोमवार को मौसम ज्यादातर साफ रहेगा। अधिकतम तापमान 17 से 19 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7 से 9 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। कई इलाकों में हल्की धुंध और कुछ स्थानों पर मध्यम धुंध देखी जा सकती है, जिससे सुबह के समय दृश्यता प्रभावित हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, 6 जनवरी से 10 जनवरी तक मौसम ज्यादातर साफ बना रहेगा। इस दौरान दिन और रात के तापमान में हल्का उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। अधिकतम तापमान 18 से 21 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है, जबकि न्यूनतम तापमान 6 से 10 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है।

हवाएं पश्चिम और उत्तर-पश्चिम दिशा से हल्की से मध्यम गति से चलेंगी। हालांकि, सुबह के समय हल्की से मध्यम कोहरे की संभावना बनी रहेगी, जिससे वाहन चालकों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। 9 और 10 जनवरी को आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रह सकते हैं, लेकिन बारिश की कोई संभावना नहीं है। घने कोहरे ने रेल यातायात को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है।

## यमुना के सफाई अभियान को फिर लगा ब्रेक, रुकावट दूर करने के लिए जांच टीम ने एनजीटी से लगाई गुहार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जनवरी।**

दिल्ली में यमुना नदी की सफाई को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। लंबे समय से चल रही यमुना को साफ करने की कोशिशें अब एक नई रुकावट में फंस गई हैं। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निर्देश पर आईआईटी दिल्ली की एक विशेषज्ञ टीम को दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स में लगे यूवी सिस्टम की जांच करनी थी, ताकि यह पता चल सके कि गंदे पानी में मौजूद खतरनाक बैक्टीरिया को सही तरीके से खत्म किया जा रहा है या नहीं। लेकिन, हैरानी की बात यह है कि जांच टीम को अब तक न तो जरूरी आंकड़े मिले हैं, न ही प्लांट्स में प्रवेश की अनुमति और न ही तकनीकी सहयोग। मजबूर होकर आईआईटी की टीम ने एनजीटी से शिकायत की है कि इन बुनियादी सुविधाओं के बिना जांच पूरी करना संभव नहीं है। मामला इसलिए भी गंभीर है, क्योंकि यमुना पहले से ही अत्यधिक प्रदूषण, बदबू और बैक्टीरिया की समस्या से जूझ रही है। पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार, जांच में हो रही यह देरी यमुना की सेहत के लिए और खतरा पैदा कर सकती है।




अगर समय रहते एसटीपी की खामियों को नहीं सुधारा गया, तो नदी की हालत और बिगड़ सकती है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब खुद अदालत के आदेश पर जांच होनी है, तो फिर जरूरी सहयोग क्यों नहीं दिया जा रहा। यमुना की सफाई की दिशा में यह रुकावट अब प्रशासनिक लापरवाही पर भी सवाल खड़े कर रही है। यह मामला फरवरी 2024 में एक मीडिया रिपोर्ट से शुरू हुआ, जिसमें बताया गया था कि दिल्ली के 75 फीसदी एसटीपी बैक्टीरिया जैसे फीकल कोलीफॉर्म को ठीक से साफ नहीं कर पा रहे, जिससे यमुना में बदबू और प्रदूषण बढ़ रहा है। एनजीटी ने खुद ही इस पर संज्ञान लिया और अगस्त 2025 में आईआईटी दिल्ली को जांच सौंपी।

(एनजीटी) ने आईआईटी दिल्ली की सिविल इंजीनियरिंग विभाग की विशेषज्ञ टीम को निर्देश दिया था। इसमें दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स (एसटीपी) में लगे यूवी (अल्ट्रावायलेट) सिस्टम की जांच करें और यह पता लगाएं कि पानी में मौजूद खतरनाक बैक्टीरिया, विशेषकर फीकल कोलीफॉर्म, कितनी कुशलता से नष्ट हो रहे हैं। आईआईटी की टीम में प्रोफेसर एके मित्तल (हेड), अरुण कुमार, वी आर्या और सोविक दास शामिल हैं। उन्होंने कहा है कि वैज्ञानिक रिपोर्ट तैयार करने के लिए उन्हें एसटीपी का दौरा करना, पानी के सैंपल लेना और डाटा प्राप्त करना जरूरी है।

## घरों में आ रहा बदबूदार व झागदार पानी, लोगों को बीमार होने का डर

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 05 जनवरी।**

लाइनपार क्षेत्र के वार्ड एक स्थित क्रिश्चियननगर में इन दिनों नल खोलते ही बदबूदार व सफेद झाग वाले पानी से बाल्टी भर जा रही है। इंदौर में दूषित पेयजल पीने से हुई मौतों के बाद शहर के लोग भी दूषित पानी की सप्लाई से चिंतित हैं। उन्हें डर है कि कहीं बीमार न पड़ जाएं।

लोगों का कहना है कि टैक्स देने के बाद भी शुद्ध पेयजल नहीं मिल रहा है। कई बार निगम में शिकायत देने के बाद समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। प्रताप विहार सेक्टर 11 निवासी राजेश प्रताप का कहना है कि



महीने में 20 दिन गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है। कभी बालू मिश्रित, कभी पीला पानी तो कभी बदबू वाला काला पानी आता है। पीना तो दूर नहाने लायक भी पानी नहीं होता है। प्रताप विहार सेक्टर 12 निवासी सुभाष का कहना है कि नगर निगम से जो पेयजल आपूर्ति हो रही है वह पीने लायक नहीं है। आरओ भी एक महीने से अधिक नहीं चल रहे हैं। भूड़ भारतनगर निवासी जितेंद्र कुमार का कहना है कि पीने लायक पानी नहीं आ रहा है। मटमैला पानी आ रहा है। बागू निवासी अरुण का कहना है कि झाग वाले पानी से घर बदबू से भर जाता है। पिछले दिनों शिकायत पर निगम की टीम आई थी।

पाइप में लीकेज बताकर उसे ठीक किया गया, लेकिन फिर से वही समस्या हो रही है। सीवर और पेयजल लाइन एक साथ डाली गई है। दोनों लाइनें पुरानी होने की वजह से अक्सर लीक होती रहती हैं।

# जीडीए कर्मी, उनकी पत्नी समेत तीन पर 58 लाख की धोखाधड़ी की प्राथमिकी

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 05 जनवरी।**

मोरटी में ढाई बीघा जमीन दिलाने के नाम पर विधवा से 58 लाख की धोखाधड़ी की घटना सामने आई है। इस मामले में महिला ने जीडीए अमीन महिपाल सिंह, उनकी पत्नी प्रिया सिंह समेत तीन के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

नंदग्राम स्थित भट्ठा रोड निवासी शांता रानी ने बताया कि उनके पति इंद्रपाल की 2020 में मौत हो चुकी है। महिपाल सिंह जीडीए में अमीन हैं। उसने खुद को पूर्व मुख्यमंत्री का रिश्तेदार बताकर उनको अपना परिचय दिया था और इसी बहाने नजदीकी बना ली। 2020 में महिपाल ने उनको प्रस्ताव दिया कि मोरटी गांव में ढाई बीघा जमीन है। इसको खरीदने पर अच्छा फायदा होगा। उसकी बातों पर भरोसा करके उन्होंने महिपाल सिंह, उनकी पत्नी प्रिया सिंह निवासी कपूरीपुरम, गोविंदपुरम को दो बार में 58 लाख रुपये दे दिए। सौदा कराने में दौलतपुरा निवासी सुभाष भी शामिल रहे।

2021 में बैनामे की बात तय हुई, लेकिन एक साल से भी अधिक समय




गुजरने के बाद भी आरोपी ने बैनामा नहीं कराया। बार-बार कहने के बाद भी उसने इकरारनामा तक भी नहीं कराया। मांगने पर आरोपियों ने पैसा भी नहीं लौटाया। हाल ही में उन्होंने कह दिया कि उन्होंने जानबूझकर उनको फंसाया था। कहीं कोई जमीन उनको नहीं दिलानी थी। इसके बाद वह नंदग्राम थाने पहुंची और शिकायत दी। बाद में उनको पता चला कि जिस जमीन को उनको दिलाने की बात तय हुई थी, वह किसी और को पहले ही बेची जा चुकी थी। जिन लोगों ने जमीन को खरीदा था, वह महिपाल को पहचानते भी नहीं थे, लेकिन यह जमीन पहले जिसके नाम थी, वह उनका परिचित था। आरोप है कि आरोपी इसी तरह कई लोगों को प्रलोभन देकर अपने जाल में फंसा चुके हैं। इस बारे में एसीपी उपासना पांडेय ने बताया कि शिकायतकर्ता से साक्ष्य मांगे गए हैं। नामजदों से पूछताछ होगी। इस संबंध में जीडीए अधिकारियों से भी बात की जाएगी। -कभी था जीडीए में दबदबा : शांता रानी ने बताया कि बसपा सरकार में आरोपी का जीडीए में पूरा दबदबा रहा। अमीन होने की वजह से उसको जमीनों के खसरा, रकबा आदि की काफी जानकारी थी।

कई बड़े अफसर भी उसके प्रभाव में रहे। इसी वजह से उसने तमाम लोगों को इसी तरह झांसा देकर ठगा। आरोपी ने इसी काम के जरिये करोड़ों की संपत्ति इकट्ठा कर ली। शांता ने बताया कि वह आय से अधिक संपत्ति के मामले में जांच कराने के लिए भी मुख्यमंत्री को लिख चुकी हैं।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# बैंक ऑफ अमेरिका ने बढ़ाया भारत की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान, 2025-26 में 7.6 प्रतिशत विकास दर रहने की उम्मीद

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जनवरी।**

मजबूत नीतिगत सुधारों और उपभोग के चलते भारत की अर्थव्यवस्था में लगातार मजबूती देखने को मिल रही है। इसी को देखते हुए बैंक ऑफ अमेरिका (बीओएफए) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7.6 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले बैंक ने यह अनुमान 7 प्रतिशत लगाया था।

इसके अलावा, बीओएफए ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भी भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है, जबकि पहले यह अनुमान 6.5 प्रतिशत था।




वैश्विक ब्रोकरेज फर्म ने नई रिपोर्ट में कहा है कि भारत से मिले नए आर्थिक आंकड़े यह दिखाते हैं कि 2025 के अंत तक देश की आर्थिक गतिविधियों में सुधार हुआ है। इसी वजह से जीडीपी ग्रोथ के अनुमान को बढ़ाया गया है।

भारत की अर्थव्यवस्था ने दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर्ज की थी, जो उम्मीद से ज्यादा थी। इसके बाद 2025-26 के लिए विकास दर को लेकर अनुमान और बेहतर हुए हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भी देश की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, आने वाले समय में सरकारी नीतियों का समर्थन भारत की आर्थिक वृद्धि में बड़ी भूमिका निभाएगा।

आरबीआई ने गवर्नर संजय मल्होत्रा के नेतृत्व में 2025 में कई बार ब्याज दरों में कटौती की। इससे कारोबार और निवेश को बढ़ावा मिला और अर्थव्यवस्था की रफ्तार बनी हुई है।

ब्रोकरेज फर्म ने बताया कि देश में खपत और खर्च बढ़ा है। इसके साथ ही निवेश से जुड़े आंकड़े भी मजबूत हुए हैं। ईंधन की खपत, गाड़ियों की बिक्री और कर्ज की बढ़ोतरी जैसे संकेतक नवंबर और दिसंबर में तेज हुए हैं, जिससे आर्थिक मजबूती साफ दिखती है।

सरकार जल्द ही नई जीडीपी श्रृंखला के साथ-साथ महंगाई की नई श्रृंखला भी जारी करने वाली है। इसके साथ ही वित्त वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के पुराने आंकड़ों को भी नए तरीके से पेश किया जाएगा, ताकि तुलना आसान हो सके। हालांकि, सरकार का मानना है कि नए आंकड़े आने के बाद भी भारत की जीडीपी ग्रोथ के अनुमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### भारत कुकिंग कोल का आईपीओ 9 जनवरी से

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जनवरी।** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) अपना आईपीओ 9 जनवरी 2026 को लॉन्च कर रही है और यह 13 जनवरी तक खुला रहेगा। एंकर निवेशकों के लिए बोली 8 जनवरी को होगी। आईपीओ का अलॉटमेंट 14 जनवरी को किया जाएगा, रिफंड और डीमैट खाते में शेयर 15 जनवरी को आएंगे और लिस्टिंग 16 जनवरी 2026 को एनएसई और बीएसई पर होगी। कंपनी ने आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 21 से 23 रुपए प्रति शेयर तय किया है। एक लॉट में 600 शेयर रखे गए हैं। रिटेल निवेशक को कम से कम 1 लॉट यानी 600 शेयर के लिए आवेदन करना होगा। रिटेल निवेशकों के लिए न्यूनतम निवेश 13,800 रुपए होगा। यह आईपीओ पूरी तरह से ऑफर फॉर सेल है। इसका मतलब है कि कोई नया शेयर जारी नहीं होगा और कंपनी को आईपीओ से सीधे कोई पैसा नहीं मिलेगा।

### आरबीआई ने आर्थिक वृद्धि को प्रोत्साहन देने रेपो रेट में कटौती का निर्णय लिया

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जनवरी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने हाल ही में आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए रेपो रेट में कटौती का निर्णय लिया है। समिति के एक सदस्य ने कहा कि महंगाई दर उम्मीद के अनुसार बनी हुई है और वर्तमान में कम स्तर पर है। अक्टूबर 2025 में समग्र महंगाई दर केवल 0.3 प्रतिशत थी, जबकि पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अनुमानित महंगाई दर 2 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि पिछले चरणबद्ध कटौती के असर से ऋण और जमा दरों में बदलाव महसूस किया गया है, और मौजूदा आर्थिक गतिविधियों को समर्थन देने के लिए 25 आधार अंक और कटौती की संभावना दिखाई दी।

## आईटी कंपनियों की तीसरी तिमाही में भी कमाई सपाट रहने के आसार



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जनवरी।** सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों का कहना है कि वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में ग्राहकों के गैर-जरूरी खर्च दबाव में हैं। इससे आईटी कंपनियों को साल की दूसरी छमाही में वृद्धि बढ़ाने के लिए कस्टिंग घटाने, लागत नियंत्रण और कर्मचारियों की दक्षता बढ़ाने पर जोर देना पड़ रहा है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही सामान्यतः कमजोर होती है, क्योंकि अमेरिका और यूरोप में छुट्टियों का मौसम होता है। तीसरी तिमाही में निवेशक एआई पर प्रबंधन की टिप्पणियों पर विशेष ध्यान देंगे। कंपनियां एआई आधारित सेवाओं और सौदों को तेजी से अपनाने में लगी हैं। बाजार के जानकारों अनुसार ओपनएआई और क्लाउड एलएलएम के साथ साझेदारी बढ़ रही है, जिससे अगले 6 महीनों में एआई सेवाओं की मांग में तेजी आने की उम्मीद है। ग्राहक बजट, एच1बी वीजा निर्भरता और गैर-जरूरी खर्च पर अपडेट भी निवेशकों की नजर में हैं। एक अनुमान है कि शीर्ष छह आईटी कंपनियों की आय वृद्धि 1-4 फीसदी तक रह सकती है। एक्सेंचर के हालिया परिणामों में यह देखा गया कि आय में 5 फीसदी की वृद्धि हुई, लेकिन उसने अपने अनुमान को नहीं बढ़ाया।

# गडकरी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की हुई समीक्षा बैठक, धामी रहे मौजूद

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जनवरी।**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में आयोजित राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में प्रतिभाग किया।

बैठक के दौरान राज्य में चल रहे राष्ट्रीय राजमार्ग विकास कार्यों पर चर्चा की गई, जिसमें बताया गया कि हिमालय की गोद में बसा उत्तराखंड राज्य आस्था, पर्यटन, सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय सीमाओं, घने वन क्षेत्रों तथा दुर्गम पर्वतीय भूगोल के कारण विशेष महत्व रखता है। चारधाम यात्रा, अंतरराष्ट्रीय सीमाएं, वन क्षेत्र और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बीच उत्तराखण्ड देश की जीवनरेखा के रूप में कार्य करता है।

समीक्षा बैठक में यह भी उल्लेख किया गया कि वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड जैसे दुर्गम पर्वतीय राज्यों में सड़क अवसंरचना को विकास की प्राथमिकता के रूप में स्थापित किया गया। इसी क्रम में भारत सरकार द्वारा चारधाम यात्रा को सुगम, सुलभ एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय राजमार्गों पर 12,769 करोड़ रुपए की चारधाम महामार्ग परियोजना स्वीकृत की गई है। इस परियोजना के अंतर्गत राज्य के प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों को दो-लेन मानकों के अनुरूप विकसित किया जा रहा है, जिससे



तीर्थयात्रियों, पर्यटकों के साथ-साथ सीमावर्ती क्षेत्रों की कनेक्टिविटी और राज्य के समग्र विकास को गति मिल रही है।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के दूरदर्शी नेतृत्व में आधुनिक तकनीकों के माध्यम से कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में भी जटिल परियोजनाओं को साकार किया गया है। वर्तमान में उत्तराखंड में कुल 3,723 किलोमीटर का राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क राज्य को देश के विभिन्न हिस्सों से जोड़ रहा है। इनमें से लगभग 597 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग एनएचएआई द्वारा डिजाइन एवं क्रियान्वित किए गए हैं, जिनमें से 336 किलोमीटर से अधिक परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। लगभग 193 किलोमीटर सड़कों का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसकी अनुमानित लागत 15,890 करोड़ रुपए से अधिक है।

इन परियोजनाओं के माध्यम से हरिद्वार, ऋषिकेश, देहरादून, रुद्रपुर, काशीपुर, हल्द्वानी और काठगोदाम जैसे धार्मिक, शहरी और औद्योगिक केंद्रों को चौड़ी, सुरक्षित एवं सुगम सड़कों से जोड़ा गया है। काशीपुर-सितारगंज (77 किमी), रुद्रपुर-काठगोदाम (50 किमी) तथा हरिद्वार-नगीना (67 किमी) जैसे चार-लेन कॉरिडोर से औद्योगिक क्षेत्रों, कृषि मंडियों और पर्यटन स्थलों तक पहुंच में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर के अंतर्गत गणेशपुर-देहरादून खंड में लगभग 30 किमी लंबा छह-लेन एक्सेस कंट्रोल्ड हाईवे विकसित किया गया है, जिसमें सुरंग और 18 किमी लंबा एलिवेटेड सेक्शन भी शामिल है। इस परियोजना पर 1,995 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया गया है।

## आरवीएनएल और टोरेंट पावर शेयरों में तेजी के संकेत

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जनवरी।** पिछले कुछ हफ्तों में रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) के शेयरों में मजबूत तेजी देखने को मिली। इसके बाद हल्का करेक्शन आया, लेकिन यह गिरावट तेजी का लगभग 50 फीसदी ही रही। तकनीकी दृष्टि से शेयर 200-दिन के मूविंग एवरेज के ऊपर टिके रहने से सकारात्मक ट्रेंड दर्शाता है। आरएसआई और एमएसीडी जैसे इंडिकेटर भी शेयर में फिर से तेजी आने का संकेत दे रहे हैं। एनालिस्ट्स के अनुसार, निवेशक शेयर को 360 के आसपास खरीद सकते हैं, जबकि 340 का स्टॉप लॉस रखना सुरक्षित माना गया है। भविष्य में शेयर का टारगेट 400-415 तक देखा जा सकता है। 1,300 रुपए के स्तर पर मजबूत खरीदारी के बाद टोरेंट पावर का शेयर अब 200-दिन के एवरेज के ऊपर पहुंच गया है। तकनीकी चार्ट्स में एमएसीडी का पॉजिटिव क्रॉसओवर भी तेजी का संकेत देता है।

## रुपया चार पैसे टूटकर 90.24 प्रति डॉलर पर

**रुपया शुक्रवार को 22 पैसे टूटकर 90.20 पर बंद हुआ था**

**मुंबई, यूटर्न/ 05 जनवरी।** रुपया सोमवार को शुरूआती कारोबार में चार पैसे टूटकर 90.24 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। वेनेजुएला में अमेरिकी हस्तक्षेप से उत्पन्न भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं ने अमेरिकी मुद्रा की मांग को बढ़ावा दिया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि भू-राजनीतिक घटनाक्रमों से रुपये में गिरावट आने के आसार हैं हालांकि कच्चे तेल की कम कीमतें कुछ हद तक राहत प्रदान कर सकती हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.21 पर खुला। शुरूआती कारोबार में और टूटकर 90.24 प्रति डॉलर पर आ गया।

# 27 जनवरी को बैंक हड़ताल, चार दिन ठप रह सकता है कामकाज

**पब्लिक सेक्टर बैंकों पर पड़ेगा सबसे ज्यादा असर**

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जनवरी।**




साल 2026 की शुरूआत में ही बैंकिंग सेवाएं प्रभावित होने के आसार हैं। देशभर के बैंक कर्मचारी संगठनों ने 27 जनवरी को एकदिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है। यह हड़ताल सप्ताह में पांच कार्यदिवस लागू करने की मांग को लेकर की जा रही है। हालांकि हड़ताल सिर्फ एक दिन की होगी, लेकिन इससे पहले लगातार छुट्टियां होने के कारण बैंक ग्राहकों को लंबी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। हड़ताल से पहले ही बैंकों में लगातार तीन दिन अवकाश रहेगा।

24 जनवरी को चौथा शनिवार होने के कारण बैंक बंद रहेंगे। इसके बाद 25 जनवरी को रविवार और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस की राष्ट्रीय छुट्टी है। ऐसे में 27 जनवरी को प्रस्तावित हड़ताल होने पर लगातार चार दिन तक बैंकों का सामान्य कामकाज पूरी तरह ठप रह सकता है। इसका सबसे ज्यादा असर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों पर पड़ने की संभावना है। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के नेतृत्व में बैंक कर्मचारी लंबे समय से सप्ताह में पांच दिन काम और दो दिन अवकाश की मांग कर रहे हैं। फिलहाल बैंकों में रविवार के अलावा महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को ही छुट्टी मिलती है।

कर्मचारियों का कहना है कि आरबीआई, एलआईसी और वित्तीय बाजार पहले से ही पांच दिन के कार्य सप्ताह पर काम कर रहे हैं, ऐसे में बैंकों को इससे अलग रखने का कोई औचित्य नहीं है।

मार्च 2024 में हुए वेतन संशोधन समझौते के दौरान इंडियन बैंक्स एसोसिएशन और यूएफबीयू के बीच पांच दिन का कार्य सप्ताह लागू करने पर सहमति बनी थी। बैंक यूनियनों का आरोप है कि अब तक इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जिसके चलते उन्हें हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा।

# माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने पेश किया 500 रुपए का कॉम्बो ऑफर



**भक्तों को कम खर्च में व्यवस्थित और सुविधाजनक दर्शन मिलेंगे**

» **जम्मू, यूटर्न/ 05 जनवरी।**

नए साल 2026 की शुरूआत माता वैष्णो देवी के भक्तों के लिए विशेष सौगात के रूप में हुई है। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने श्रद्धालुओं की सुविधा और यात्रा को और अधिक यादगार बनाने के लिए एक बजट फ्रेंडली कॉम्बो ऑफर पेश किया है। यह पैक केवल 500 रुपए में उपलब्ध है और इसका उद्देश्य भक्तों को कम खर्च में व्यवस्थित और सुविधाजनक दर्शन का अनुभव देना है। श्राइन बोर्ड ने इस पैक में भक्तों की यात्रा को आरामदायक बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुविधाएं जोड़ी हैं। इसमें विशेष आरती के समय उचित प्रबंधन के साथ शामिल होने का अवसर, माता के दरबार से मिलने वाला पवित्र प्रसाद, और लंबी चढ़ाई के बाद आराम करने के लिए डॉरमेट्री या विश्राम गृह की सुविधा शामिल है। इसके अलावा, यात्रियों के लिए पौष्टिक भोजन और जलपान की व्यवस्था भी इस पैक में शामिल है। नए साल के दौरान कटरा और मंदिर में भारी भीड़ उमड़ती है। श्राइन बोर्ड का उद्देश्य भक्तों को अलग-अलग सुविधाओं के लिए लंबी लाइन में न खड़ा होना पड़े और सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर आसानी से मिल जाएं। इस सोच के तहत यह कदम उठाया गया है। भक्त माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर इस 500 रुपए वाले कॉम्बो की अग्रिम बुकिंग कर सकते हैं।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### एयरलाइंस कर्मचारी के ड्राइवर पर चाकू से हमला

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 05 जनवरी।** ओल्ड चौक रेड लाइट के पास देर रात बाइक और स्कूटी सवार युवकों ने ब्रिटिश एयरवेज के कर्मचारियों और उनके ड्राइवर पर हमला कर दिया। हमले में ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे दिल्ली के ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। सेक्टर-30-33 स्थित इंद्रप्रस्थ कॉलोनी निवासी सिद्धांत आचार्य ने सेक्टर-17 थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वे नोएडा स्थित ब्रिटिश एयरवेज में कार्यरत हैं। कंपनी के कर्मचारियों को लाने-ले जाने के लिए पंचशील कॉलोनी निवासी अमरेश की गाड़ी लगी हुई है। 2 जनवरी की रात करीब 11 बजे ड्यूटी खत्म होने के बाद अमरेश, सिद्धांत और एक अन्य कर्मचारी रियान तनेजा को लेकर फरीदाबाद लौट रहे थे। रास्ते में ओल्ड चौक रेड लाइट पर चाय पीने के लिए रुके, तभी बाइक सवार दो युवक वहां पहुंचे और जानबूझकर बाइक का टायर रियान तनेजा के पैर पर चढ़ा दिया।

### डेढ़ वर्ष से बिजली कनेक्शन के इंतजार में ई-सुविधा केंद्र

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 05 जनवरी।** वादकारियों और अधिवक्ताओं की सुविधा के उद्देश्य से कोर्ट परिसर में स्थापित किया गया ईसुविधा केंद्र डेढ़ वर्ष बाद भी शुरू नहीं हो सका है। इसका कारण बिजली का कनेक्शन नहीं मिल पाना है। हाईकोर्ट की निगरानी में तैयार यह केंद्र सभी जरूरी ढांचागत सुविधाओं से लैस है, लेकिन बिजली आपूर्ति न होने से इसका संचालन ठप पड़ा है। इससे न्यायिक कार्यों को डिजिटल माध्यम से जोड़ने की योजना फिलहाल अधूरी नजर आ रही है। कोर्ट के एक अधिकारी ने बताया कि ईसुविधा केंद्र के लिए बनाए गए पोटा केबिन का निर्माण जिस कंपनी द्वारा किया गया है, उसी को बिजली कनेक्शन की व्यवस्था भी करनी है।

# 8 वार्डों से घर-घर से उठाया जाएगा कूड़ा, पौने दो करोड़ की परियोजना को मंजूरी

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 05 जनवरी।**

औद्योगिक नगरी फरीदाबाद को स्वच्छता के मामले में नई पहचान दिलाने की दिशा में नगर निगम ने अब तक की सबसे ठोस और जनभागीदारी आधारित पहल शुरू की है। शहर की गलियों में लगे कूड़े के ढेर, खुले में कचरा जलाने और अनियमित कलेक्शन जैसी पुरानी समस्याओं को जड़ से खत्म करने के उद्देश्य से नगर निगम ने ओल्ड फरीदाबाद क्षेत्र के 8 प्रमुख वार्डों में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था लागू करने की तैयारी कर ली है। इसके लिए पौने दो करोड़ की लागत से की परियोजना को मंजूरी दी गई है।

यह योजना वार्ड नंबर 14, 31, 32, 33, 35, 36, 37 और 39 में लागू होगी जहां लाखों की आबादी लंबे समय से बेहतर सफाई व्यवस्था की मांग कर रही थी। नगर निगम का मानना है कि यह परियोजना इन वार्डों की तस्वीर बदलने के साथ पूरे फरीदाबाद के लिए एक मॉडल बनेगी।



**लापरवाही पर सख्ती, जुर्माने से बनेगा अनुशासन:** नगर निगम ने इस बार नियमों को केवल कागजों तक सीमित नहीं रखा है। एजेंसी के लिए सख्त दंड प्रावधान तय किए गए हैं। इसके तहत काम अलॉट होने के बाद सेवा शुरू न करने पर 10 हजार प्रतिदिन का जुर्माना लगेगा। वहीं कूड़ा जलाने की किसी भी घटना पर 5 हजार प्रति घटना देना होगा। वहीं बिना ढके कचरा ले जाने वाले वाहनों पर 2 हजार प्रतिदिन वसूला जाएगा। वहीं सभी कचरा वाहनों में जीपीएस अनिवार्य होगा, बिना जीपीएस वाले वाहन से काम नहीं करवाया जाएगा।

**सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा को भी दी जाएगी प्राथमिकता**

परियोजना में केवल शहर की सफाई ही नहीं, बल्कि सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा को भी गंभीरता से लिया गया है। ठेकेदार को एनजीटी और एमओईएफ के 2010 के दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा।

हर सफाई कर्मचारी को वर्दी, दस्ताने, मास्क और अन्य पीपीई देना अनिवार्य होगा। ऐसा न करने पर 500 रुपये प्रति कर्मचारी प्रतिदिन का जुर्माना तय किया गया है। साथ ही मलबा या निर्माण सामग्री ले जाने वाले वाहनों को पूरी तरह ढकना और धूल नियंत्रण के उपाय भी जरूरी होंगे।

**पूरे शहर के लिए संकेत, 384 करोड़ की बड़ी योजना :** नगर निगम सूत्रों के अनुसार यह योजना केवल 8 वार्डों तक सीमित नहीं रहने वाली। निगम पहले ही संकेत दे चुका है कि यदि यह मॉडल सफल रहा तो इसे शहर के सभी पांच जोन में करीब 384 करोड़ रुपये की लागत से लागू किया जाएगा।

### जनता बनेगी निगरानीकर्ता, निगम का बड़ा प्रयोग

इस योजना की सबसे खास और नई बात यह है कि नगर निगम ने पहली बार जनता को सीधे निगरानी व्यवस्था से जोड़ने का फैसला किया है। इसके तहत एक नागरिक पर्यवेक्षण समिति गठित की जाएगी जिसमें स्थानीय निवासी, आरडब्ल्यूए प्रतिनिधि और क्षेत्र के अन्य जागरूक लोग शामिल होंगे। एजेंसी को काम की प्रगति, समय-सारिणी और समस्याओं की जानकारी इस समिति को देनी होगी। समिति के सुझावों को औपचारिक रूप से दर्ज किया जाएगा और उन पर कार्रवाई भी की जाएगी। इसके साथ ही काम की गुणवत्ता जांचने के लिए थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन की व्यवस्था भी की गई है। नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि यह प्रयोग इसलिए अहम है क्योंकि स्वच्छता तभी टिकाऊ हो सकती है जब जनता खुद उसे मॉनिटर करे।

## पत्नी से अवैध संबंध के शक में की थी युवक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 05 जनवरी।** 23 दिसंबर की रात जीवन नगर गौच्छी में हुए हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। फरीदाबाद पुलिस की क्राइम ब्रांच डीएलएफ टीम ने हत्या के आरोपी शंभू यादव (35) को बल्लभगढ़ से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपनी पत्नी के साथ अवैध संबंध के शक में एक युवक की फावड़ा मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जीवन नगर पार्ट-2 गौच्छी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस चौकी संजय कॉलोनी में शिकायत दी थी कि उसके किराये के कमरे में शंभू यादव, उसकी पत्नी, बेटी और विकास नामक युवक रह रहे थे। 23-24 दिसंबर की रात को शंभू यादव ने विकास पर अपनी पत्नी से अवैध संबंध होने का शक जताते हुए उस पर फावड़े से हमला कर दिया। हमले में विकास की मौके पर ही मौत हो गई जबकि आरोपी वारदात के बाद फरार हो गया। शिकायत के आधार पर थाना मुजेसर में संबंधित धाराओं के तहत हत्या का मामला दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए मामले की जांच क्राइम ब्रांच डीएलएफ को सौंपी गई। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कई स्थानों पर दबिश दी और गुप्त सूचना तंत्र को सक्रिय किया। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी शंभू यादव (निवासी हाल जीवन नगर पार्ट-2 गौच्छी) को बल्लभगढ़ क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उसे लंबे समय से अपनी पत्नी और विकास के बीच अवैध संबंध होने का शक था। इसी शक के चलते उसने 23-24 दिसंबर की रात नींद में सो रहे विकास पर फावड़े से हमला कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी शंभू यादव सरूरपुर स्थित एक फैक्ट्री में मजदूरी करता था और वारदात के बाद पहचान छुपाने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस रिमांड के दौरान हत्या में प्रयुक्त फावड़े की बरामदगी सहित अन्य पहलुओं पर गहन पूछताछ की जाएगी।

## टेलीग्राम टास्क में निवेश के नाम पर 23.60 लाख की ठगी में तीन गिरफ्तार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 05 जनवरी।** फरीदाबाद पुलिस ने टेलीग्राम टास्क के नाम पर की गई बड़ी साइबर ठगी का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने एक व्यक्ति को पार्ट-टाइम जॉब और निवेश का झांसा देकर 23 लाख 60 हजार रुपये की ठगी की थी। यह कार्रवाई साइबर थाना सेंट्रल की टीम द्वारा की गई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर-87 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सेंट्रल में शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता के अनुसार उसके व्हाट्सएप पर एक अज्ञात नंबर से पार्ट-टाइम जॉब का मैसेज आया। इसके बाद उसे एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ दिया गया, जहां प्रीपेड टेलीग्राम टास्क में निवेश करने के लिए कहा गया। ग्रुप में मौजूद लोगों ने टास्क पूरा करने पर मोटे मुनाफे का लालच दिया। इस पर विश्वास कर शिकायतकर्ता ने अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिये कुल 23.60 लाख रुपये निवेश कर दिए। शुरुआती दौर में भरोसा बनाए रखने के बाद जब बड़ी राशि जमा कराई गई तो शिकायतकर्ता को कोई भुगतान नहीं मिला और ठगों ने संपर्क भी बंद कर दिया। शिकायत पर साइबर थाना सेंट्रल में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। तकनीकी जांच और बैंक खातों के विश्लेषण के आधार पर पुलिस ने ग्रेटर नोएडा से तीन आरोपियों राहुल प्रकाश (23), रणवीर रंजन (19) और राजा सिन्हा (22) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि राहुल प्रकाश खाताधारक है, जिसने अपना बैंक खाता रणवीर रंजन को दिया था। रणवीर ने यह खाता आगे राजा सिन्हा को सौंप दिया। तीनों आरोपी आपस में दोस्त हैं और संगठित तरीके से इस ठगी को अंजाम दे रहे थे। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## नूंह ज्वेलरी लूटकांड का आरोपी गुरुग्राम में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 05 जनवरी।**

नूंह जिले के पिनगवां गांव में हुई करोड़ों रुपये की ज्वेलरी चोरी के मामले में वांछित आरोपी को गुरुग्राम पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। जिसकी पहचान यादराम के रूप में हुई है। आरोपी को नूंह की पुन्हाना सीआईए और गुरुग्राम की सेक्टर-40 सीआईए की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए दबोचा। इस मुठभेड़ के दौरान आरोपी यादराम के दोनों पैरों में गोली लगी है, जिसके बाद उसे गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।




पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी यादराम ने नूंह में एक ज्वेलर्स की दुकान से करोड़ों रुपये के गहने लूटने की वारदात को अंजाम दिया था। लंबे समय से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीमों ने घेराबंदी की, जिस दौरान आरोपी ने भागने का प्रयास किया और पुलिस पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आरोपी के पैरों में गोली मारी, जिससे वह घायल हो गया। इस गिरफ्तारी से ज्वेलरी लूटकांड के कई अनसुलझे रहस्यों से पर्दा उठने की उम्मीद है। पुलिस उससे पूछताछ कर चोरी किए गए गहनों की बरामदगी के प्रयास कर रही है।

## सेक्टर-55 के पॉली क्लीनिक में बढ़ाई गई बेड की संख्या

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 05 जनवरी।**

सर्दी के मौसम में मौसमी बीमारियों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए सेक्टर-55 स्थित स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की सुविधा के लिए बेड क्षमता में इजाफा किया गया है। जिला नागरिक अस्पताल की ओर से पॉली क्लीनिक को 11 अतिरिक्त बेड उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे भर्ती मरीजों को राहत मिलेगी और उपचार व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

पिछले कुछ दिनों से पॉली क्लीनिक पर मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य केंद्र प्रशासन ने पहले ही जिला अस्पताल से अतिरिक्त बेड की मांग की थी। मांग को स्वीकार करते हुए जिला अस्पताल प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अतिरिक्त बेड स्वास्थ्य केंद्र को भेजे हैं। प्रशासन का कहना है कि बेड बढ़ने से मरीजों को भर्ती होने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी और आपात स्थिति में भी इलाज की व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित की जा सकेगी। इसके साथ ही उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए मरीजों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।



सेक्टर-55 के पॉली क्लीनिक प्रभारी एवं वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश ने बताया कि वर्तमान में केंद्र पर पहले से 20 बेड की सुविधा उपलब्ध है। मरीजों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रशासन से कुल 30 अतिरिक्त बेड की मांग की गई थी, जिनमें से कुछ बेड प्राप्त हो चुके हैं। शेष बेड भी जल्द मिलने की उम्मीद है, जिससे आने वाले दिनों में मरीजों को और अधिक सुविधा मिल सकेगी।

पॉली क्लीनिक पर प्रसव की सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे आसपास के क्षेत्रों की गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए दूर नहीं जाना पड़ता और उन्हें नजदीक ही सुरक्षित चिकित्सा सेवाएं मिल जाती हैं। मरीजों का दबाव के चलते और व्यवस्थाओं के विस्तार के लिए ही हमने प्रशासन से अतिरिक्त बेड की मांग की गई थी, जिसके बाद ग्यारह बेड मिले हैं।-डॉ. राजेश, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी

## अलाव तापते समय हुए झगड़े में घायल छात्र ने तोड़ा दम

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 05 जनवरी।** संजय कॉलोनी में अलाव तापते समय हुए विवाद में 12वीं कक्षा के छात्र की लाठी-डंडों से बेरहमी से पिटाई की गई, जिसकी पांच दिन बाद अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच तेज कर दी है।

घटना 30 दिसंबर की रात की है। मृतक रवि जो संजय कॉलोनी का निवासी था, अपने कुछ दोस्तों के साथ आरओ प्लांट के पास अलाव ताप रहा था। इसी दौरान पुराने विवाद को लेकर कुछ युवक वहां पहुंचे। आरोप है कि 10-12 युवक बाइकों पर सवार होकर आए, जिनके चेहरे ढके हुए थे और हाथों में डंडे थे। आरोपियों ने बिना किसी चेतावनी के रवि पर हमला कर दिया और उसके सिर पर कई वार किए। गंभीर रूप से घायल रवि को पहले बादशाह खान अस्पताल ले जाया गया, हालत गंभीर होने पर उसे निजी अस्पताल ले जाया गया। रविवार सुबह इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार रवि के पिता का पहले ही निधन हो चुका है और परिवार में अब मां और छोटी बहन ही रह गए हैं।

# खुले नालों से मिलेगी मुक्ति, हादसों पर लगेगी रोक

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 05 जनवरी।**

जिले के ग्रामीण इलाकों और शहरी सीमा से सटे गांवों में लंबे समय से चली आ रही जलभराव और सड़क सुरक्षा की समस्या के समाधान की दिशा में नगर निगम ने एक अहम कदम उठाया है। निगम की तरफ से वार्ड-44 के अंतर्गत आने वाले 10 गांवों में पुराने नालों पर लोहे की मजबूत ग्रेटिंग (जाली) लगाने की परियोजना को मंजूरी दी है। इससे जल निकासी व्यवस्था ठीक होने के साथ हादसों पर भी रोक लगेगी।

ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर देखने में आता है कि सड़क को क्रॉस करते खुले नाले हादसों का कारण बनते हैं। बरसात के मौसम में इन नालों में कचरा, मिट्टी और प्लास्टिक फंस जाने से पानी की निकासी रुक जाती है, जिससे सड़कों पर जलभराव हो जाता है। इससे आवागमन बाधित होने के साथ दुपहिया वाहन चालकों, स्कूली बच्चों और बुजुर्गों के लिए खतरा भी बढ़ जाता है। नगर निगम की इस योजना से इन सभी समस्याओं पर ब्रेक लगने की उम्मीद जताई जा रही है।

नगर निगम से मिली जानकारी के अनुसार यह परियोजना फरीदाबाद के डिवीजन-5 के अंतर्गत लाई गई है। इसके तहत वार्ड 44 में आने वाले साहूपुर, मलेरणा, चंदावली, मच्छगढ़, सोतई, नवादा तिगांव, नीमका, नीमका फज्जुपुर और मुजेरी गांवों को शामिल किया गया है।

इन सभी गांवों में उन स्थानों की पहचान की गई है, जहां नाले सड़क को क्रॉस करते हैं और जहां दुर्घटनाओं या जलभराव की आशंका सबसे अधिक रहती है। इन्हीं स्थानों पर लोहे की मजबूत ग्रेटिंग लगाई जाएगी। निगम ने काम की गुणवत्ता और मजबूती को ध्यान में रखते हुए इसे पूरा करने के लिए करीब 10 महीने की समय सीमा तय की है। ताकि काम में किसी प्रकार की जल्दबाजी या लापरवाही न हो।

### गुणवत्ता को लेकर सख्त निर्देश

नगर निगम ने गुणवत्ता को लेकर सख्त रुख अपनाया है। निगम की स्पष्ट किया गया है कि कार्य पीडब्ल्यूडी के वर्ष 1990 और 2021 के स्पेसिफिकेशन व मानकों के अनुसार ही किया जाएगा।

ग्रेटिंग के लिए इस्तेमाल होने वाला लोहा उच्च गुणवत्ता का होना चाहिए ताकि भारी वाहनों के दबाव और लंबे समय तक उपयोग के बावजूद उसमें कोई टूट-फूट न हो। घटिया सामग्री या मानकों से समझौता करने पर एजेंसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सिडनी में शतक के साथ रिकी पोंटिंग की बराबरी पर पहुंचे जो रूट : एशेज




**सिडनी, यूटर्न/ 05 जनवरी।** इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट ने टेस्ट शतकों के मामले में ऑस्ट्रेलिया के महानतम कप्तान रिकी पोंटिंग की बराबरी कर ली है। रूट ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध एशेज सीरीज के पांचवें मैच की पहली पारी में 160 रन की पारी खेली। यह उनका 41वां टेस्ट शतक रहा। 2026 कैलेंडर ईयर मे पहला अंतराष्ट्रीय शतक लगाते हुए रूट टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक शतक जड़ने के मामले में संयुक्त रूप से तीसरे पायदान पर आ गए हैं। यह ऑस्ट्रेलिया के इस दौरे पर रूट का दूसरा शतक रहा। टेस्ट इतिहास में सर्वाधिक शतकों के मामले में सचिन तेंदुलकर शीर्ष पर हैं, जिन्होंने 200 मुकाबलों की 329 पारियों में 51 शतक लगाए हैं। वहीं, साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज जैक कैलिस ने 166 टेस्ट मुकाबलों में 45 शतक अपने नाम किए। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी इंग्लैंड की टीम ने पहली पारी में 384 रन बनाए। बेन डकेट ने जैक क्रॉली के साथ पहले विकेट के लिए 35 रन की साझेदारी की। डकेट 24 गेंदों में 27 रन बनाकर आउट हुए, जबकि क्रॉली ने 16 रन टीम के खाते में जोड़े। इंग्लैंड ने 57 के स्कोर तक अपने 3 विकेट गंवा दिए थे। यहां से जो रूट ने हैरी ब्रूक के साथ तीसरे विकेट के लिए 169 रन जुटाते हुए टीम को 226 के स्कोर तक पहुंचा दिया। हैरी ब्रूक ने 84 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। जो रूट ने जेमी स्मिथ (46) के साथ 94 रन, जबकि विल जैक्स (27) के साथ 52 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 384 के स्कोर तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया। रूट ने इस पारी में 242 गेंदों का सामना किया, जिसमें 15 चौकों के साथ 160 रन बनाए।




# शमी टीम से बाहर, इरफान हुए नाराज, लेकिन कमबैक करने का रास्ता बताया

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जनवरी।**

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले मोहम्मद शमी टीम इंडिया में वापसी नहीं कर सके हैं। पहले वह चोट के चलते टीम से बाहर थे, मगर अब उन्होंने अपनी फिटनेस पूरी तरह से हासिल कर ली है और वे घरेलू क्रिकेट में तहलका मचा रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद चयनकर्ता उन्हें मौका नहीं दे रहे हैं। इस लेकर पूर्व खिलाड़ी इरफान पठान मोहम्मद शमी के चयन ना होने से काफी निराश है, उन्होंने इसके लिए चयनकर्ताओं को लताड़ा भी है, साथ ही उन्होंने शमी को टीम इंडिया में कमबैक करने का आखिरी रास्ता भी दिखाया है।

इरफान पठान ने कहा, सबसे बड़ी बात शमी हैं। उनका भविष्य क्या है? वह कोई इसतरह के खिलाड़ी नहीं हैं जो कल आए, कुछ मैच खेलकर चले गए। उन्होंने 450-500 इंटरनेशनल विकेट लिए हैं, जो बहुत बड़ी संख्या है। अगर आपने 400 से ज्यादा विकेट लिए हैं और फिर आपको टीम से बाहर कर दिया जाता है और आपकी फिटनेस पर सवाल उठाए जाते हैं, तब ऐसा सबके साथ होता है। जब तक आप क्रिकेट खेलते हैं, आपको खुद को साबित करते रहना होता है। उन्होंने कहा, लेकिन शमी पहले ही 200 ओवर फेंक चुके हैं। 200 ओवर फेंकने के बाद, अगर फिटनेस की बात है, तब फिटनेस पहले ही दिख चुकी है। और क्या सुधार चाहिए, यह तो सिर्फ सिलेक्शन कमेटी ही जानती है कि वे क्या सोच रहे हैं। अगर मैं उनकी जगह होता, तब मैं आईपीएल खेलने जाता और धमाल मचा देता। मैं नई गेंद लेता और उस लेवल पर परफॉर्म करता। घरेलू क्रिकेट परफॉर्मेंस की बात होती है, लेकिन जब आईपीएल आता है और आप अपनी पुरानी लय और फिटनेस दिखाते हैं, तब कोई भी आपको नजरअंदाज नहीं कर सकता। पूरी दुनिया आईपीएल देखती है।






# अभिनेता का तालमेल क्यों जरूरी: यामी गौतम

हाल ही में रिलीज हुई फिल्म हक की सफलता का बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम जश्न मना रही हैं। यामी का मानना है कि निर्देशक और अभिनेता का तालमेल ही किसी फिल्म की सफलता की कुंजी होता है। एक्ट्रेस ने इसी बीच अपने थिएटर के दिनों के अनुभवों को याद किया। यामी ने एक मजेदार किस्सा साझा किया। उन्होंने बताया कि स्कूल में थिएटर सीखते समय उन्होंने एक डायलॉग इतने अजीब अंदाज में बोला कि वहां मौजूद सभी लोग हंस-हंसकर लोटपोट हो गए। यामी ने बताया, जब मैं स्कूल में थिएटर सीख रही थी, तब वहां एक नया टीचर आया था। हमें अपनी लाइन अलग अंदाज में बोलनी थी। मुझे याद है मेरा डायलॉग था, चुप रहो, छोटे शैतान, वरना मैं तुम्हारा गला काट दूंगी, जिसे मैंने इतना अजीब तरीके से कहा कि सब हंस-हंसकर लोटपोट हो गए। उन्होंने आगे कहा कि टीचर ने मजाक में कहा, तुम तो किसी गली के आदमी की तरह बोल रही हो, जिस पर उन्होंने हंसते हुए जवाब दिया कि कम से कम उनकी लाइनें याद तो हैं। यामी ने अभिनय और निर्देशक के बीच की रचनात्मक साझेदारी पर भी बात की। उन्होंने कहा, निर्देशक कहानी की दिशा तय करता है और अभिनेता उनके विजन को स्क्रीन पर उतारता है। एक ही किरदार को कई अलग-अलग तरीके से निभाया जा सकता है, लेकिन स्क्रीन पर जो दिखता है, वह हमेशा निर्देशक के विजन का हिस्सा होता है।

# जैकब मेन्सिक की शानदार शुरुआत

## सिंगल्स मैच जीतने वाले दूसरे सबसे युवा बने



यूनाइटेड कप में चेक गणराज्य के जैकब मेन्सिक ने सोमवार को नॉर्वे के कैस्पर रूड के खिलाफ 7-5, 7-6(6) से जीत दर्ज की। जैकब मेन्सिक ने दोनों सेटों में आखिर तक संयम बनाए रखा। उन्होंने पहले सेट में 5-5 पर एक महत्वपूर्ण ब्रेक हासिल किया। इसके साथ एक सेट की बढ़त के लिए सर्व किया। दूसरे सेट में 5-4 पर मैच खत्म करने में नाकाम रहने के बाद जैकब मेन्सिक ने शानदार वापसी की। वह दूसरे सेट के टाई-ब्रेक में 3/5 से पीछे थे, लेकिन अगले छह में से पांच प्वाइंट जीते। पिछले साल मियामी में एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के विजेता मेन्सिक ने दूसरे सेट के टाई-ब्रेक में 5/6 पर सेट प्वाइंट का सामना करते हुए क्रॉस-कोर्ट फोरहैंड पास मारा। 20 साल के मेन्सिक यूनाइटेड कप के इतिहास में सिंगल्स मैच जीतने वाले दूसरे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। उनसे पहले स्टेफानोस सकेलारिडिस ने 18 साल की उम्र में जीत दर्ज करते हुए इतिहास रचा था। यह कारनामा उन्होंने साल 2023 में किया था। यूनाइटेड कप में पदार्पण करते हुए और सीजन का अपना पहला मैच खेलते हुए मेंसिक ने जीत दर्ज की। इससे पहले बारबोरा क्रेचिकोवा ने मालीन हेल्गो को हराया था। इन दोनों जीतों के साथ ग्रुप डी मुकाबले में चेकिया ने नॉर्वे को 2-0 से मात दी। नॉर्वे इस सप्ताह 0-2 के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गया। इससे पहले, दो बार की मेजर सिंगल्स चैंपियन क्रेज्सिकोवा ने यूनाइटेड कप में जीत के साथ आगाज किया, जिन्होंने नॉर्वे की हेल्गो को 6-4, 6-3 से मात दी। पूर्व वर्ल्ड नंबर 2 साल 2025 के आखिर में एक और चोट के बाद 2026 डब्ल्यूटीए टूर सीजन में डब्ल्यूटीए रैंकिंग में नंबर 65 पर हैं।



# को-एक्टर्स से दोस्ती हो या न हो, अभिनय पर नहीं पड़ना चाहिए असर : डायना पेंटी

इंडस्ट्री में कलाकारों को न सिर्फ अपने किरदार में ढलना पड़ता है, बल्कि निजी रिश्तों और भावनाओं से ऊपर उठकर काम करना भी सीखना होता है। एक अच्छा अभिनेता वही माना जाता है जो अपने सह-कलाकारों के साथ निजी समीकरण चाहे जैसे भी हों, कैमरे के सामने पूरी ईमानदारी और मेहनत के साथ किरदार निभा सके। इसी सोच को लेकर अभिनेत्री डायना पेंटी ने आईएएनएस से बात की।

अपनी नई स्ट्रीमिंग सीरीज डू यू वाना पार्टनर के प्रमोशन के दौरान उन्होंने अभिनय, प्रोफेशनलिज्म और को-एक्टर्स के साथ काम करने के अनुभव पर विस्तार से बात की।

आईएएनएस से बात करते हुए डायना पेंटी ने कहा, एक अच्छे अभिनेता के लिए यह बहुत जरूरी है कि वह निजी रिश्तों को अपने काम पर हावी न होने दे। चाहे आप किसी सह-कलाकार के साथ अच्छे दोस्त हों या नहीं, स्क्रीन पर जो दिखता है, वह पूरी तरह से किरदार की मांग पर आधारित होना चाहिए, न कि व्यक्तिगत संबंधों पर।

डायना ने कहा, डू यू वाना पार्टनर में मेरी सह-कलाकार तमन्ना भाटिया हैं, और उनके साथ काम करने का अनुभव काफी अच्छा रहा। हम दोनों के बीच सेट पर अच्छी बॉन्डिंग बनी, लेकिन मेरा मानना है कि एक अभिनेता की असली परीक्षा यही होती है कि वह निजी रिश्तों से अलग रहकर अपने किरदार को कितनी सच्चाई से निभा पाता है। अभिनय की गुणवत्ता इस बात से तय होती है कि कलाकार अपने निजी अनुभवों और भावनाओं को कितनी समझदारी से अलग रख पाता है। डायना ने कहा, इस शो के मामले में मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं, क्योंकि तमन्ना के साथ मेरी दोस्ती स्वाभाविक रूप से बन गई थी। सेट पर माहौल काफी सहज और सकारात्मक था, जिससे काम करना और भी आसान हो गया। जब आपका रिश्ता ऑफ-स्क्रीन मजबूत होता है, तो वही मजबूती ऑन-स्क्रीन भी नजर आने लगती है। इससे सीन में एक अलग तरह की सच्चाई और ऊर्जा आ जाती है, जो दर्शकों को भी महसूस होती है। तमन्ना भाटिया के साथ अपनी केमिस्ट्री पर बात करते हुए डायना ने कहा, हम दोनों को कभी भी एक-दूसरे के साथ तालमेल बैठाने में कोई परेशानी नहीं हुई। हमने कई सीन्स में साथ में काम किए और कई बार नए एक्सप्रेशन भी जोड़ पाए। जब कलाकार एक-दूसरे के साथ सहज होते हैं, तो इम्प्रोवाइज करने की आजादी भी मिलती है, जो कहानी को और बेहतर बना देती है। उन्होंने कहा, मैं और तमन्ना एक-दूसरे के साथ इतने कंफर्टेबल थे कि बिना झिझक अपनी राय रख सकते थे। हमारे बीच कोई औपचारिक भरा रिश्ता नहीं था, जहां हर बात सोच-समझकर कहनी पड़े। हम खुलकर एक-दूसरे से बात कर सकते थे, चाहे वह सीन से जुड़ी सलाह हो या किसी डायलॉग पर चर्चा। ऐसा माहौल हर प्रोजेक्ट में नहीं मिलता और जब मिलता है, तो कलाकारों के काम में उसका साफ असर दिखता है।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्तरी नाइजीरिया में नाव पलटने से 25 लोगों की मौत, 14 लापता

**अबूजा, यूटर्न/ 05 जनवरी।** नाइजीरिया के उत्तरी क्षेत्र में योबे नदी पर स्थानीय मछुआरों और किसानों को ले जा रही एक नाव के पलटने से कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य अभी भी लापता हैं।आपातकालीन सेवाओं और पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। योबे राज्य आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के प्रमुख मोहम्मद गोजे ने एक बयान में कहा कि शनिवार शाम को नगुरु स्थानीय सरकारी क्षेत्र के गरबी कस्बे में नाव पलटने के बाद 13 अन्य यात्रियों को बचा लिया गया। गोजे ने बताया कि लकड़ी की नाव उत्तर-पश्चिमी राज्य जिगावा के पड़ोसी कस्बे अदियानी से उत्तरी राज्य योबे जा रही थी, तभी रास्ते में पलट गई। उन्होंने पुष्टि की कि आपातकालीन बचाव दल और स्थानीय सामुदायिक स्वयंसेवकों ने पीड़ितों को बचाने के लिए तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी थी। जिगावा पुलिस के प्रवक्ता लावान शिशु ने रविवार को फोन पर बताया कि शनिवार शाम को जब नाव अडियानी गांव से रवाना हुई तो उसमें कम से कम 52 लोग सवार थे और वह नाव पूरी तरह से भरी हुई थी। शिशु ने बताया कि शुरुआती तौर पर मृतकों की संख्या 14 थी, लेकिन बचाव अभियान के दौरान मरने वालों की संख्या बढ़ गई।

### दक्षिणी गाजा में इजरायली गोलीबारी में मारे गए 3 फिलिस्तीनी

**गाजा, यूटर्न/ 05 जनवरी।** दक्षिणी गाजा में इजरायली गोलीबारी में रविवार को तीन फिलिस्तीनी मारे गए। फिलिस्तीनी चिकित्सा सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि 15 वर्षीय अला अल-दीन अशरफ खान यूनिस के दक्षिण में जोरात अल-लुत इलाके में इजरायली गोलीबारी में मारे गया। उन्होंने आगे बताया कि फादी सलाह राफा के उत्तर-पश्चिम में इजरायली गोलीबारी में मारे गए और उनके शव को खान यूनिस के नासिर अस्पताल ले जाया गया। स्थानीय सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इजरायली ड्रोन ने उस क्षेत्र पर गोलीबारी की, जहां से इजरायली सेना युद्धविराम समझौते के तहत पीछे हट गई थी, जिससे सलाह की मौत हो गई।

# रूस की शरण में वेनेजुएला: अब वैश्वक टकराव बढ़ने की आशंका

**» कोराकस, यूटर्न/ 05 जनवरी।**

वेनेजुएला वर्तमान में एक अभूतपूर्व राजनीतिक और सैन्य संकट के दौर से गुजर रहा है, जिसने अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में अमेरिका और रूस को एक बार फिर सीधा प्रतिद्वंद्वी बना दिया है। अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के परिणामस्वरूप वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस के साथ हिरासत में ले लिया गया है। वर्तमान में उन्हें न्यूयॉर्क की एक जेल में रखा गया है, जहाँ उन पर नार्को-टेररिज्म, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोकीन की तस्करी और अवैध हथियारों से संबंधित गंभीर आपराधिक मामलों में मुकदमा चलाया जाएगा। गौरतलब है कि अमेरिका ने मादुरो



की गिरफ्तारी पर 15 मिलियन डॉलर का इनाम पहले ही घोषित कर रखा था। इस नाटकीय घटनाक्रम के बीच वेनेजुएला की उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज के रूस पहुँचने की खबरों ने वैश्विक राजनीति में हलचल तेज कर दी है। कूटनीतिक सूत्रों के अनुसार, रोड्रिगेज रूस में राजनीतिक शरण और सैन्य समर्थन की तलाश में हैं।

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति के घर पर हमला, एक गिरफ्तार; जांच जारी

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जनवरी।**

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के घर की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है। हालांकि, इस बात की पुष्टि फिलहाल नहीं हो पाई है कि कौन उनके आवास के अंदर घुसा है। फिलहाल मामले की जांच जारी है। अमेरिकी मीडिया ने संघीय कानून प्रवर्तन के सूत्रों के हवाले से बताया कि उपराष्ट्रपति वेंस के ओहायो आवास पर हुई घटना के बाद एक व्यक्ति कस्टडी में है और जांच चल रही है। सीएनएन ने यूएस सीक्रेट सर्विस के हवाले से बताया कि वेंस परिवार घटना के दौरान घर पर नहीं था। वहीं शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकारियों का मानना है कि हमलावर उपराष्ट्रपति वेंस के घर में नहीं घुसा था।



अमेरिकी मीडिया आउटलेट्स ने घटना की तस्वीर साझा की है, जिसमें घर की खिड़कियों को नुकसान दिखाई दे रहा है, लेकिन अभी यह साफ नहीं है कि असल में क्या हुआ।

कानून प्रवर्तन अधिकारी ने अमेरिकी मीडिया को बताया कि अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या कोई व्यक्ति वेंस या उसके परिवार को टारगेट कर रहा था।

डब्ल्यूसीपीओ की रिपोर्ट के मुताबिक, सोमवार की सुबह वेंस के घर की कई खिड़कियां टूटी हुई मिलीं। हालांकि वेंस और उनका परिवार जनवरी 2025 में ही वॉशिंगटन में उपराष्ट्रपति के आधिकारिक आवास में शिफ्ट हो गए थे, लेकिन सिनसिनाटी में उनकी प्रॉपर्टी अभी भी उनके पास है, जहां वे अक्सर रहते हैं। अमेरिकी मीडिया ने बताया कि मौके के वीडियो फुटेज में अधिकारी अंधेरे में घर के आस पास चलते हुए दिखे; उनकी फ्लैशलाइट से देखा जा सकता है कि कम से कम तीन खिड़कियों में छेद हो गए। फिलहाल इस घटना को लेकर विस्तार से जानकारी सामने नहीं आई है।

## फ्रांस की राजधानी पेरिस पहुंचे से क्वी से ट्रैम नामक प्रदर्शनी में पहुंचे जयशंकर



**पेरिस, यूटर्न/ 05 जनवरी।** भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर 4 जनवरी से दो देशों के विदेश दौरे पर हैं। पहले चरण में जयशंकर फ्रांस पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने पेरिस में से क्वी से ट्रैम नामक प्रदर्शनी का दौरा किया। इसमें भारत की पुरानी कपड़ा विरासत और शानदार कारीगरी को पेश किया गया, जो यह दिखाता है कि दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंध कितने गहरे और मजबूत हैं। इस सिलसिले में जयशंकर ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, आज शाम पेरिस में से क्वी से ट्रैम प्रदर्शनी देखी। यह प्रदर्शनी भारत की टेक्सटाइल विरासत, सवोइर-फेयर और क्रिएटिविटी को दिखाती है। यह भारत-फ्रांस के मजबूत सांस्कृतिक जुड़ाव की भी याद दिलाती है।

इसके पहले नवंबर में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में जी20 समिट के दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की थी। मीटिंग के बाद पीएम मोदी ने कहा, जोहान्सबर्ग जी20 समिट के दौरान राष्ट्रपति मैक्रों से मिलकर खुशी हुई। हमने अलग-अलग मुद्दों पर अच्छी बातचीत की। भारत-फ्रांस के रिश्ते दुनिया की भलाई के लिए एक ताकत बने हुए हैं।

## अमेरिका का वेनेजुएला पर शासन करने का इरादा नहीं: रुबियो

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 05 जनवरी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की नाटकीय गिरफ्तारी के बाद और अमेरिका के वेनेजुएला पर शासन करने संबंधी घोषणा के एक दिन बाद श्री ट्रंप के करीबी सहयोगी एवं विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने अपने बयान को नरमी लाते हुए रविवार को कहा कि अमेरिका का वेनेजुएला पर शासन करने का कोई इरादा नहीं है। श्री रूबियो ने आज एक टीवी टॉक शो में कहा कि अमेरिका मौजूदा तेल प्रतिबंध को लागू करने के अलावा वेनेजुएला पर शासन नहीं करेगा। उन्होंने श्री ट्रंप के पहले के इस बयान से पैदा हुई चिंताओं को कम करने की कोशिश की कि मादुरो को हटाने के बाद अमेरिका वेनेजुएला पर शासन करेगा। उन्होंने कहा अमेरिका वेनेजुएला पर शासन करने या उस पर कब्जा करने की कोशिश नहीं कर रहा है। हमारा उद्देश्य वेनेजुएला के लोगों द्वारा किए गए लोकतांत्रिक परिवर्तन का समर्थन करना और क्षेत्रीय स्थिरता सुनिश्चित करना है। यह सुझाव कि अमेरिका वेनेजुएला पर शासन करना चाहता है, सरासर गलत है।

## पाकिस्तान का टेक्सटाइल सेक्टर बबार्दी की कगार पर, फैक्ट्रियां बंद निकाले जा रहे मजदूर

**इस्लामाबाद , यूटर्न/ 05 जनवरी।** पाकिस्तान का टेक्सटाइल सेक्टर बबार्दी की कगार पर है। फैक्ट्रियां बंद हो रही हैं मजदूरों को निकाला जा रहा है। टेक्सटाइल सेक्टर पाकिस्तान के एक्सपोर्ट और इंडस्ट्रियल रोजगार की रीढ़ है। पाकिस्तान के बिजनेस रिकॉर्डर की एक रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान टेक्सटाइल काउंसिल ने पीएम शहबाज शरीफ को इस संबंध में एक चिट्ठी लिखी है। चिट्ठी में काउंसिल ने सरकार से एक्सपोर्ट इमरजेंसी घोषित करने की अपील की है ताकि प्रतियोगिता में तेजी से आ रही कमी को रोका जा सके। रिपोर्ट के मुताबिक यह चेतावनी इससे पहले शायद ही कभी इतनी गंभीर रही हो। नवंबर 2025 में पाकिस्तान के निर्यात में साल-दर-साल 14 फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई, जो लगातार चौथा महीना गिरावट का संकेत है। वित्तीय वर्ष के पहले पांच महीनों में एक्सपोर्ट पिछले साल के 13.7 अरब डॉलर से घटकर 12.8 अरब डॉलर रह गया, जबकि इस अवधि में आयात बढ़कर 28 अरब डॉलर के पार पहुंच गया है। इस असंतुलन के कारण सिर्फ पांच महीनों में करीब 15.5 अरब डॉलर का व्यापार घाटा हो गया, जो अर्थव्यवस्था के लिए खतरनाक संकेत है। अकेले नवंबर में व्यापार घाटा 2.86 अरब डॉलर था, जो एक साल पहले की तुलना में 33 फीसदी ज्यादा है। ये आंकड़े पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति पर बढ़ते दबाव को दिखाते हैं। रिपोर्ट में इस संकट की मुख्य वजह पाकिस्तान के टेक्सटाइल सेक्टर की कमजोर लागत संरचना और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में पिछड़ना बताया जा रहा है।

## अमेरिका में भारतीय महिला की चाकू से गोदकर हत्या, आरोपी पूर्व प्रेमी भारत फरार

**» वाशिंगटन, यूटर्न/ 05 जनवरी।**

अमेरिका के मैरीलैंड राज्य में एक अपार्टमेंट के भीतर एक युवा भारतीय हेल्थकेयर प्रोफेशनल की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि युवती के पूर्व प्रेमी की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तलाश की जा रही है, जो उसके लापता होने की रिपोर्ट करने के कुछ ही घंटों बाद देश छोड़कर भारत चला गया था।





हॉवर्ड काउंटी पुलिस के अनुसार, एलिसॉट सिटी की 27 साल की निकिता गोडिशला का शव 3 जनवरी को कोलंबिया स्थित एक अपार्टमेंट में मिला। यह अपार्टमेंट उनके पूर्व साथी 26 वर्षीय अर्जुन शर्मा का बताया गया है। अर्जुन शर्मा भी भारत से हैं। पुलिस ने उन पर फर्स्ट और सेकंड-डिग्री मर्डर का आरोप दर्ज किया है। अर्जुन भारत के लिए उड़ान भर चुका है, इसकी पुष्टि होने के बाद अमेरिकी एजेंसियां उसे तलाशने और गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही हैं। पुलिस ने बताया कि 2 जनवरी को अर्जुन शर्मा ने निकिता के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने कहा था कि उसने निकिता को आखिरी बार 31 दिसंबर को अपने अपार्टमेंट में देखा था, जो ट्विन रिवर्स रोड के 10100 ब्लॉक में स्थित है। बाद में पुलिस को पता चला कि उसी दिन अर्जुन शर्मा अमेरिका छोड़कर भारत चला गया।

3 जनवरी को पुलिस ने अपार्टमेंट की तलाशी ली, जहां निकिता का शव चाकू के घावों के साथ मिला। पुलिस का मानना है कि 31 दिसंबर, नए साल की पूर्व संध्या पर शाम 7 बजे के तुरंत बाद उसकी हत्या की गई थी। जांचकताओं ने कहा कि जांच जारी है और अब तक हत्या का कोई मकसद सामने नहीं आया है।

हावर्ड काउंटी पुलिस ने कहा कि शव मिलने के बाद अर्जुन शर्मा के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। उसे पकड़ने की कोशिश की जा रही है। निकिता के लिंक्डइन प्रोफाइल के अनुसार, वह एक हेल्थकेयर और डेटा एनालिटिक्स प्रोफेशनल थीं।

## धरती पर शांति के लिए शांतिदूत ट्रंप ने किया वेनेजुएला के राष्ट्रपति का अपहरण

**» वॉशिंगटन, यूटर्न/ 05 जनवरी।**

एयर फोर्स वन पर पत्रकारों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से इस ऑपरेशन के मकसद के बारे में सवाल किया। एक पत्रकार ने पूछा, क्या ऑपरेशन एब्सोल्यूट रिज़ॉल्व तेल या सत्ता परिवर्तन के लिए था? इसके जवाब में उन्होंने कहा कि यह पृथ्वी पर शांति के लिए किया गया। ट्रंप ने मोनरो डॉक्ट्रिन का जिक्र किया, जो 1823 की अमेरिकी नीति है। इसके तहत, पश्चिमी इलाकों को अमेरिकी प्रभाव क्षेत्र माना जाता है। ट्रंप ने इसे डॉन-रो डॉक्ट्रिन कहकर अपडेट बताया और जोर दिया कि यह उनका गोलार्ध है, जहां शांति जरूरी है।

इस सैन्य कार्रवाई को सफल बनाने के लिए महीनों तक गुप्त तैयारी की गई थी। खुफिया एजेंसियों ने राष्ट्रपति मादुरो की हर गतिविधि पर नजर रखी, जिसके बाद विशेष बलों और डेल्टा फोर्स ने इस जटिल ऑपरेशन को अंजाम दिया। सैन्य जानकारी के अनुसार, लगभग 150 अमेरिकी विमानों ने वेनेजुएला के हवाई सुरक्षा तंत्र को निष्क्रिय कर दिया, जिससे हेलीकॉप्टरों के माध्यम से सैनिकों को उतारना आसान हो गया। राष्ट्रपति ट्रंप ने इस मिशन की सराहना



करते हुए इसे अमेरिकी सैन्य शक्ति का एक उत्कृष्ट उदाहरण बताया और राहत जताई कि इस पूरी कार्रवाई में किसी भी अमेरिकी सैनिक की जान नहीं गई। हिरासत में लिए गए निकोलस मादुरो को न्यूयॉर्क ले जाया गया है, जहां उन पर नार्को-टेररिज्म और नशीले पदार्थों की तस्करी जैसे गंभीर आरोपों के तहत कानूनी कार्यवाही की जाएगी। हालांकि, इस ऑपरेशन ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ी बहस छेड़ दी है। जहां अमेरिकी प्रशासन इसे वेनेजुएला में सुरक्षा और व्यवस्था बहाल करने का कदम बता रहा है, वहीं कई देशों और आलोचकों ने इसे अंतरराष्ट्रीय कानूनों का खुला उल्लंघन करार दिया है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *